# अनूप अग्रवाल पर धोखाधड़ी का मुकदमा

## दोनों बेटों और पत्नी पर भी दर्ज हुआ केस

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** पुलिस ने अनूप अग्रवाल, उनके दोनों बेटों और पत्नी के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है।

लखविन्दर सिंह पुत्र दलीप सिह निवासीगण महादेव नगर ढकिया कलाँ ने अपर पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर बताया कि उन्होंने वर्ष 2016-17 में अनूप अग्रवाल पुत्र स्व. केशव शरण अग्रवाल, अमोल अग्रवाल व अभिषेक पुत्रगण अनूप अग्रवाल निवासीगण रोजडेल कला.ेनी, अलीगंज रोड काशीपुर ने स्टोन क्रेशर लगाने का प्रस्ताव दिया था। उपरोक्त विपक्षीगणों द्वारा कहा गया कि लगभग छह एकड़ जमीन जो कि प्रार्थीगण के नाम ग्राम ढकियाकलाँ तहसील काशीपुर के चक संख्या 236 के खसरा नम्बर 35/5 मिन रकवाई 0.488 है., चक संख्या 236 के खसरा नम्बर 35/5 मिन रकवाई 0.729 है., वह स्टोन क्रेशर के लिए प्रर्याप्त है।

विपक्षीगण ने कहा कि स्टोन क्रेशर में प्रार्थीगणों की हिस्सेदारी 36 प्रतिशत की रहेगी तथा जो जमीन प्रार्थीगण के नाम है वह जमीन रेनू अग्रवाल पत्नी अनूप अग्रवाल के नाम बैनामा करना पड़ेगा और उस जमीन का पैसा जो कि लगभग तीन करोड़ पचास लाख रूपये वह विपक्षीगण द्वारा प्रार्थीगणों को दिया जाएगा। इस आश्वासन के साथ विपक्षीगण ने प्रार्थीगण से कपट पूर्ण तरीके से उक्त जमीन का बैनामा रेनू अग्रवाल पत्नी अनूप अग्रवाल के नाम धौखे से करा ली, जिसकी कीमत लगभग तीन करोड़ पचास लाख रुपये थी को हड़प कर लिया।

### सुरक्षित ड्राइविंग के लिए किया जागरूक

**अल्मोड़ा।** जिलेभर में पुलिस ने सोमवार को ऑपरेशन प्रहार के तहत चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान नियमों के उल्लंघन पर 86 लोगों पर चालानी कार्रवाई की गई। वहीं, वाहन चालकों को सुरक्षित ड्राइविंग के लिए जागरूक किया गया। एसएसपी चंद्रशेखर घोड़के ने जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। इसी क्रम में पुलिस जिलेभर के अलग-अलग स्थानों में चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग अभियान के दौरान दोषपूर्ण नंबर प्लेट, वाहन के खिड़कियों के शीशों पर काली फिल्म लगाने वालों व यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले कुल 86 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही सभी टैक्सी, बस चालकों को सुरक्षित ड्राईविंग के लिये क्षमता से अधिक सवारी न बिठाने, नशे में वाहन न चलाने, खतरनाक तरीके से वाहन न चलाने आदि उचित हिदायतें दी गई।

# मतदाताओं की मैपिंग पर चर्चा

## एसआईआर को लेकर एडीएम ने ली बैठक

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के संबंध में सोमवार को एडीएम युक्ता मिश्र की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों और प्रशासन के अधिकारियों के बीच मतदाताओं की अधिक से अधिक मैपिंग कराने पर चर्चा हुई। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में एडीएम ने कहा कि त्रुटिरहित और शुद्ध मतदाता सूची तैयार करना प्रशासन की प्राथमिकता है।

कहा कि सभी दलों के प्रतिनिधि बूथों में तैनात बीएलओ के साथ समन्वय बनाते हुए मतदाता सूची के अनुसार मैपिंग कराने में सहयोग करें। साथ ही यदि मैपिंग संबंधी कार्यों में किसी भी दल को कोई आपत्ति या शिकायत है, तो उसे भी साझा करें जिससे शिकायत का परीक्षण कर उसका निस्तारण किया जा सके। बताया कि



मतदाता सूची में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए प्रशासन के साथ साथ सभी दलों के प्रतिनिधियों की भागीदारी अनिवार्य है, इसलिए विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में सभी दल अपनी अपनी सहभागिता निभाएं।

बैठक में उप निदेशक पर्यटन प्रकाश सिंह खत्री, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी भरत सिंह रावत सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2025 के मतदाताओं को वर्ष 2003 की मतदाता सूची से 20 अप्रैल 2026 तक 94.62 प्रतिशत मैप कर लिया गया है। जिले में 528118 मतदाता पंजीकृत हैं, इनमें से 499679 मतदाताओं की मैपिंग पूरी की जा चुकी है। एडीएम ने संबंधित अधिकारियों को शत प्रतिशत मतदाता मैपिंग जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

## एक नजर

### पंचायत परिसर में खड़ी कार का शीशा तोड़ा

**बागेश्वर।** नगर में असामाजिक तत्वों की सक्रियता एक बार फिर सामने आई है। जिला पंचायत परिसर में खड़ी एक कार का अज्ञात व्यक्ति द्वारा शीशा तोड़ दिया गया। पीड़ित ने पुलिस से मामले की जांच कर आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की है। पीड़ित पत्रकार सुरेश पांडे ने बताया कि वह अपनी कार जिला पंचायत परिसर में खड़ी कर अन्य कार्य से चले गए थे। इसी दौरान किसी ने पत्थर मारकर कार का शीशा तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलने पर वह मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने आशंका जताई है कि यह घटना साजिश के तहत अंजाम दी गई है। मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि आरोपी की पहचान कर उसे जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

### एनसीसी कैडेटों को साइबर सुरक्षा का पाठ

**बागेश्वर।** जनपद पुलिस द्वारा युवाओं को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र मेहरा एवं पुलिस टीम ने राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बागेश्वर में आयोजित 10 दिवसीय एनसीसी कैंप में कैडेटों को साइबर सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। एसपी जितेन्द्र मेहरा ने कैडेटों को बताया कि कानून में डिजिटल अरेस्ट जैसा कोई प्रावधान नहीं है। यदि कोई व्यक्ति खुद को पुलिस या अन्य जांच एजेंसी का अधिकारी बताकर वीडियो कॉल के माध्यम से डराने का प्रयास करता है, तो वह पूरी तरह फर्जी होता है। उन्होंने कैडेटों को सावधान करते हुए कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, बैंक डिटेल्स, आधार नंबर या पिन साझा न करें। उन्होंने एनसीसी कैडेटों को समाज के फर्स्ट रिस्पॉन्डर के रूप में कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा वे अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी साइबर अपराधों से बचाने के लिए जागरूक करें। कार्यक्रम में निरीक्षक सलाउद्दीन खान (प्रभारी एसओजी), उपनिरीक्षक निर्मला पटवाल (प्रभारी साइबर सेल), एनसीसी अधिकारी एवं कैडेट उपस्थित रहे।

### बंदरों के हमले में महिला घायल

**बागेश्वर।** बागनाथ मंदिर वार्ड में मंगलवार सुबह एक महिला पर बंदरों के झुंड ने हमला कर दिया। घटना उस समय हुई जब पूर्व सभासद सोनिया देवी अपनी बेटी को स्कूल छोड़ने जा रही थीं। मुख्य बाजार स्थित पेट्रोल पंप के पास अचानक बंदरों ने उन पर धावा बोल दिया। महिला ने किसी तरह अपनी बेटी को सुरक्षित बचा लिया, लेकिन इस दौरान वह गिरकर चोटिल हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाकर बंदरों को भगाया, जिसके बाद घायल महिला को जिला अस्पताल ले जाया गया। डाक्टरों ने उनके हाथ में आई चोट का उपचार कर प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया। इस घटना के बाद क्षेत्र में वन्यजीवों के बढ़ते आतंक को लेकर चिंता जताई जा रही है। सामाजिक कार्यकर्ता अर्जुन देव ने कहा कि जिले में बंदर, जंगली सूअर और तेंदुए के बढ़ते खतरे से लोगों की सुरक्षा खतरे में है। उन्होंने वन विभाग और जिला प्रशासन से जल्द प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।

### नगर में आवारा पशुओं का बढ़ता आतंक

**बागेश्वर।** नगर में एक बार फिर आवारा पशुओं की संख्या तेजी से बढ़ती नजर आ रही है। इन पशुओं ने जिला कलेक्ट्रेट को जाने वाले मुख्य पुल और मार्ग पर अपना डेरा जमा लिया है, जिससे वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई पशु आक्रामक भी हो गए हैं, जो लोगों के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, ग्रामीण और नगर क्षेत्रों से लोग अपने पशुओं को नगर मुख्यालय में छोड़ रहे हैं। ये पशु न केवल यातायात व्यवस्था को बाधित कर रहे हैं, बल्कि राह चलते लोगों पर हमला करने तक उतारू हो रहे हैं। कलेक्ट्रेट मार्ग स्थित अग्निकुंड क्षेत्र में इनका जमावड़ा बना हुआ है, जबकि इसी रास्ते से जिलाधिकारी, एसडीएम समेत अन्य अधिकारी रोजाना आवागमन करते हैं। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर पालिका इस गंभीर समस्या पर ध्यान नहीं दे रही और हाथ पर हाथ धरे बैठी है। उनका कहना है कि ये पशु कभी भी किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द उचित कदम उठाकर इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

### आईएमटी के दो छात्र वुडबाल की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में करेंगे प्रतिभाग

**काशीपुर।** बाजपुर रोड स्थित सत्येन्द्र चन्द्र गुड़िया इंस्टीटयूट ऑफ मैनेजमेंट एंड लॉ कॉलेज के विद्यार्थी लगातार अपनी प्रतिभाओं के बल पर विश्वविद्यालय, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपना लोहा मनवा रहे हैं। संस्थान की प्राचार्य डॉ. निमिषा अग्रवाल ने बताया कि वुडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में 14 मई से 17 मई तक रायपुर (छत्तीसगढ़) में आयोजित 20 वें राष्ट्रीय सीनियर महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता तथा 14 वीं राष्ट्रीय जूनियर बालक बालिका वर्ग में सत्येंद्र चंद्र गुड़िया आईएमटी कॉलेज मैनेजमेंट एवं हायर स्टडी के बीकॉम ऑनर्स द्वितीय सेमेस्टर के छात्र अथर्व चौधरी एवं निष्कर्ष चौधरी का चयन उत्तराखंड की टीम में किया गया है जो राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्तराखंड टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। दोनों ही छात्र 13 मई को रुद्रपुर से प्रदेश टीम के साथ छत्तीसगढ़ के लिए रवाना होंगे। इस बड़ी उपलब्धि पर संस्थान की चेयरमैन विमला गुड़िया सहित समस्त निद.ेशकगण प्राचार्य, शिक्षक एवं स्टाफ ने विजय के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# जन-जन की सरकार, कब आएगी बिंदुखत्ता के द्वारः तीन दिवसीय कार्यक्रम का प्रचार तेज

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**लालकुआं।** बिंदुखत्ता को राजस्व ग्राम घोषित किए जाने की मांग को लेकर वन अधिकार संगठन एवं पूर्व सैनिक संगठन द्वारा प्रस्तावित तीन दिवसीय कार्यक्रम जन-जन की सरकार, कब आएगी बिंदुखत्ता के द्वार का प्रचार-प्रसार पूरे क्षेत्र में जोर-शोर से किया जा रहा है। संगठन के पदाधिकारियों ने जनसंपर्क अभियान के तहत विभिन्न जनप्रति. निधियों एवं गणमान्य नागरिकों से मुलाकात कर कार्यक्रम में सम्मिलित होने और बिंदुखत्ता को राजस्व ग्राम बनाए जाने की मांग को मजबूती देने की अपील की। इस दौरान बिंदुखत्ता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रदीप बथयाल, लालकुआं नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र लौटनी, पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य गौलापार अर्जुन बिष्ट, नीरज रैकवाल सहित कई प्रमुख व्यक्तियों से भेंट की गई। संगठन के पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि यह तीन दिवसीय कार्यक्रम शहीद स्मारक बिंदुखत्ता में 4 मई 2026 से प्रारंभ होकर 6 मई 2026 तक चलेगा। 4 मई को प्रातः 8 बजे से क्रमिक अनशन शुरू होगा, जिसका समापन 6 मई को एक विशाल जनसभा के साथ किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन सुबह एवं शाम अलग-अलग सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें सरकार एवं उसके प्रतिनिधियों को बिंदुखत्ता को राजस्व ग्राम घोषित करने तथा वन अधिकार कानून 2006 के विषय पर खुली चर्चा के लिए आमंत्रित किया जाएगा। अभियान में उमेश चंद्र भट्ट, बलवंत बिष्ट, भुवन शर्मा, बलवंत संभल, बसंत पांडे, भूपेश जोशी, कुंवर सिंह पवार, अर्जुन नाथ गोस्वामी, नवीन चंद्र जोशी आदि थे।

**NAME CHANGE**
I, **MOHD HAROON** have changed my name from **MOHAMMAD HAROON** to **MOHD HAROON** hence forth I shall be known as MOHD HAROON S/o BUDDHA ALI R/o Madhuban Nagar, Laxmipur Patti, Kashipur, Udham Singh Nagar, UK.

## फाइनल में विज्ञान संकाय को हराया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** एसएसजे परिसर की अंतर संकाय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हो गया है। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में कला संकाय ने शानदार खेल



का प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशीप अपने नाम की। हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम में आयोजित फाइनल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि परिसर के क्रीड़ा अधिकारी लियाकत अली खाने ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इसके बाद कला संकाय और विज्ञान संकाय के मध्य मुकाबला खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी कला संकाय की टीम ने निर्धारित ओवरों में 160 रन बनाए। जवाब में उतरी विज्ञान संकाय की टीम अपने पूरे विकेट खोकर 91 रनों पर ही ढेर हो गई। इस मौके पर अतिथियों की ओर से विजेता और उपविजेता टीमों को ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। यहां कोच कैलाश मेहरा, अनुज दुर्गापाल, रक्षित रावत दीपक वर्मा, राजेंद्र सिंह राना, प्रेम सिंह लटवाल, किशन, दीपक शाही, केके खोलिया आदि मौजूद रहे।

### बैसाखी पर्व पर कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** काशीपुर बार एसोसिएशन द्वारा बैसाखी पर्व पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता बार एसोसिएशन उपाध्यक्ष विधु शेखर शर्मा ने जबकि संचालन सचिव यशवंत सिंह चौहान ने किया। वर्ष 1699 में सिख धर्म के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी ने आनंदपुर साहिब में खालसा पंथ की स्थापना की थी। कार्यक्रम में अंकित चौधरी, बीसी नौटियाल, गौरव मेहरोत्रा, राक.ेश प्रजापति, प्रीति कश्यप, पंकुल गुप्ता, शुभम उपाध्याय, नरगिस, रणजीत सिंह, कैलाश कुमार, केदार सिंह, प्रीति शर्मा के अतिरिक्त शैलेंद्र कुमार मिश्रा एडवोकेट, भास्कर त्यागी एडवोकेट, अमृतपाल सिंह, नवजोत सिंह, सुरेंद्र सिंह, शेर सिंह, अब्दुल सलीम, कर्मपाल सिंह, समर्थ विक्रम, अमिताभ सक्सेना आदि अधिवक्ता मौजूद थे।

### स्कूली समय में सुरक्षा बढ़ाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर रेडक्रॉस के प्रतिनिधिमंडल ने शहर कोतवाल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने स्कूल खुलने और छुट्टी के समय विद्यालयों के आस-पास पुलिस तैनाती बढ़ाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि इन समयों में स्कूलों के बाहर भीड़ और अव्यवस्थित यातायात के कारण बच्चों की सुरक्षा खतरे में रहती है। तेज रफ्तार दोपहिया वाहनों से दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। इस पर पुलिस से यातायात नियंत्रण और नियम उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई। कोतवाल ने बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक कदम उठाए जाने का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में मनोज सनवाल, अमित साह, अजय वर्मा, कृष्ण बहादुर सिंह, विनोद जोशी रहे।

# विधायक तिवारी ने 108 एंबुलेंस सेवा पर जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** क्षेत्रीय विधायक मनोज तिवारी ने जिले की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठाए है। डाक्टरों की कमी और 108 एंबुलेंस के समय पर नहीं मिलने पर नाराजगी जताई है। प्रदेश की भाजपा सरकार से जल्द व्यवस्थाओं को सुधारने की मांग उठाई। सोमवार को प्रेस को जारी किए एक बयान में विधायक मनोज तिवारी ने कहा कि आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ मानी जाने वाली 108 एंबुलेंस सेवा बदहाल है। कहा कि जिस सेवा पर आम जनता की जिंदगी निर्भर करती है, वहीं आज लापरवाही और अव्यवस्था की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। कहा कि कई बार आपात स्थिति में 108 समय पर नहीं पहुंच पाती, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कहीं एंबुलेंस के टायर खराब हैं तो कहीं ईंधन की कमी के चलते वाहन खड़े हैं, जो पूरी



व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति बेहद चिंताजनक है और स्वास्थ्य विभाग को इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने चाहिए। अल्मोड़ा जैसे बड़े जिले में आज तक विशेषज्ञ चिकित्सक तैनात नहीं किए गए। वहीं, कई सीएचसी चिकित्सक विहिन चल रह है। उन्होंने सरकार को चेतावनी दी कि यदि जल्द स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार नहीं किया गया तो वह समस्त जनता को साथ में लेकर आंदोलन को बाध्य होंगे।

# स्वच्छताः द्रोणासागर पर दीपोत्सव

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** महापौर दीपक बाली के नेतृत्व में नगर निगम काशीपुर द्वारा शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिये बच्चों को स्कूलों में तो आमजन को अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। ऐसा ही एक जन जागरूकता कार्यक्रम बीती रात द्रोणासागर पर हुआ जहां शहर की स्वच्छता के लिए दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महापौर बनते ही दीपक बाली ने शहर की स्वच्छता और सुंदरता को लेकर एक जुनून के तहत समय-समय पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन कराया ताकि शहर वासी जागरूक हों और काशीपुर भी देश के साफ स्वच्छ शहरों में दिखाई दे। द्रोणा सागर पर आयोजित दीपोत्सव कार्यक्रम का संदेश था की बुद्धिमान



व्यक्ति मलीनता को त्याग कर स्वच्छता को अपनाता है।

महापौर के प्रयासों का ही परिणाम रहा कि इस कार्यक्रम में काफी संख्या में लोग पहुंचे और उन्होंने दीप जलाकर मलीनता के अंधेरे को भगाने का संदेश दिया। इस अवसर पर पार्षद कुलदीप शर्मा, अनिल कुमार, रवि प्रजापति, वैशाली गुप्ता, अनीता कांबोज, मयंक मेहता, प्रिंस बाली, शिवांश गोले, पुष्कर सिंह बिष्ट तथा ईश्वर चंद्र गुप्ता, राजीव अरोरा बच्चू, संजय भाटिया, जसवीर सिंह सैनी, चौधरी समरपाल सिंह, मुकेश पाहवा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# समस्याएं लेकर मंडी पहुंचे किसान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**पंतनगर।** किच्छा मंडी में किसानों के साथ आयोजित बैठक में गेहूं तोलने और अन्य संबंधित मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में किसानों ने गेहूं तोलने की गति बढ़ाने के लिए ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था में सुधार की मांग की। साथ ही, उन्होंने उन ट्रांसपोर्ट कर्मियों को ब्लैकलिस्ट करने की सलाह दी जिनकी वजह से किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



इस दौरान यह स्पष्ट हुआ कि ट्रांसपोर्ट व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है, ताकि किसानों को अपनी फसल बेचने में कोई कठिनाई न हो। एसडीएम किच्छा, गौरव पांडेय और डिप्टी आरएमओ, लता मिश्रा ने कहा कि यह सरकार की जिम्मेदारी है, और वे इसके लिए पूरी तरह से संकल्पित हैं। डा. उपाध्याय ने बताया कि आज ही मुख्य जिला कृषक अधिकारी वीकेएस यादव से उनकी बातचीत हुई, जिसमें यह जानकारी मिली कि जहां पहले प्रति एकड़ तीन कट्टे यूरिया खाद की आवश्यकता पड़ती थी, अब सरकार केवल एक ही कट्टा यूरिया खाद देगी। डा. उपाध्याय ने किसानों की कठिनाइयों को रेखांकित करते हुए कहा कि आज अधिकारी और सरकार वातानुकूलित कमरे में बैठकर कार्य करते हैं, जबकि किसान लू, बरसात और शीतलहर में अपनी खेतों की रखवाली करते हुए देश को अन्न प्रदान करते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार अपने फैसले में बदलाव नहीं करती, तो किसान एक बड़ा जन आंदोलन करेंगे और सरकार तथा जिलाधिकारी का जबरदस्त घेराव किया जाएगा। बैठक में रामन.रेश गंगवार, गजेंद्र, तुलाराम, लईक अहमद, महेशा जोशी, दीवान सिंह नेगी, तुलसीराम, राम प्रसाद, डोरी लाल, जय नारायण सहित कई किसान उपस्थित थे।

### पत्रकार अनुश्री के जन्मदिवस पर ब्लड डोनेशन कैंप

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** पत्रकार, कवयित्री अनुश्री भारद्वाज के जन्मदिवस पर ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। जसपुर खुर्द स्थित राम कमलेश चैरिटेबल डेंटल क्लीनिक में प्रकृति हमारी धरोहर संस्था एवं परिवारजनों के सहयोग से रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। शिविर में कुल 21 यूनिट रक्तदान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विजेंद्र चौधरी एवं मनोज मिश्रा द्वारा किया गया। उन्होंने कहा भले ही अनुश्री भारद्वाज आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके विचार, उनका संघर्ष और उनके कार्य हमें हमेशा प्रेरित करते रहेंगे। उनकी स्मृति में ऐसे जनसेवा के कार्य आगे भी निरंतर आयोजित होते रहेंगे। परिवार ने संद.ेश दिया कि लोगों को ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करना चाहिए।

# इस मौसम में शरीर का तापमान संतुलित रखें

## मेडिकल कॉलेज के ईएनटी विभागाध्यक्ष डा. शहज़ाद की सलाह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गर्मी के मौसम में तापमान के लगातार बढ़ने के कारण राजकीय मेडिकल कालेज हल्द्वानी के ईएनटी (कान, नाक और गला) विभाग द्वारा जनता को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण सलाह जारी की गई है। ईएनटी विभाग के विभागाध्यक्ष, प्रो. डा. शहजाद अहमद ने बताया कि अत्यधिक गर्मी के कारण शरीर में पानी की कमी (डिहाइड्रेशन) की समस्या तेजी से बढ़ रही है, जिससे गला सूखना, खराश, संक्रमण और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। उन्होंने लोगों को पर्याप्त पानी पीने और शरीर को हाइड्रेट रखने की सलाह दी। डा. शहजाद ने यह भी चेतावनी दी कि अत्यधिक ठंडी चीजों



जैसे आइसक्रीम, ठंडे पेय पदार्थ या बहुत ठंडा पानी पीने से गले में संक्रमण, टॉन्सिलाइटिस और खांसी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। साथ ही, एयर कंडीशनर (एसी) की ठंडी हवा से सर्दी-जुकाम, नाक बंद होना और गले में दर्द जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं। इसलिए शरीर का तापमान संतुलित रखना जरूरी है। गर्मी के मौसम में धूल अधिक उड़ने के कारण एलर्जी, छींक और साइनस की समस्याएं भी बढ़ सकती हैं। कान की देखभाल के बारे में डा. शहजाद ने कहा कि नहाने या स्विमिंग के बाद कान में पानी नहीं रहने देना चाहिए, क्योंकि गंदे पानी के कारण कान में संक्रमण हो सकता है। गर्मी के कारण नाक की नसों के सूखने से नकसीर (नाक से खून आना) की समस्या भी हो सकती है। इससे बचाव के लिए शरीर को ठंडा रखना और पर्याप्त पानी पीना जरूरी है। उन्होंने यह भी सलाह दी कि यदि किसी को कान में दर्द, सुनाई कम होना, गले में तेज दर्द, नाक से लगातार पानी आना या खून आना जैसी समस्याएं हों, तो तुरंत ईएनटी विशेषज्ञ से परामर्श लें। राजकीय मेडिकल कालेज, हल्द्वानी के प्राचार्य, डा. जीएस तितियाल ने कहा कि डा. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में अनुभवी और वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा विभिन्न विभागों की ओपीडी में मरीजों को उचित परामर्श और उपचार दिया जाता है। संस्थान का उद्देश्य प्रत्येक मरीज को उच्च गुणवत्ता और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। चिकित्सा अधीक्षक डा. अरुण जोशी ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि बढ़ती गर्मी के मौसम में अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। किसी भी प्रकार के लक्षण दिखने पर खुद से दवा लेने के बजाय चिकित्सक से परामर्श करना चाहिए।

# वीएस भवन ने जीती पुरुष वॉलीबाल प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**पंतनगर।** सत्र 2025-26 की विश्वविद्यालय अर्न्त छात्रावास वालीबाल (पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन 16 से 20 अप्रैल तक स्टीवेन्सन स्टेडियम में किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 9 छात्रावासों की टीमों ने भाग लिया।



प्रतियोगिता का फाइनल मैच 20 अप्रैल को वीएस भवन और पंत भवन के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में वीएस भवन ने पंत भवन को 25-18, 24-26, 25-17, 25-23 से पराजित कर प्रतियोगिता जीत ली। वीएस भवन के छात्र आशीष कुमार को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। विजेताओं को मुख्य अतिथि, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. आनंद सिंह जीना द्वारा पुरस्कार से नवाजा गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन सफलतापूर्वक डा. आरपी मौर्या, वालीबाल के स्टाफ काउंसलर एवं अधोहस्ताक्षरी द्वारा किया गया। शारीरिक शिक्षा विभाग के कर्मचारियों और श्रमिकों ने आयोजन में भरपूर सहयोग प्रदान किया।

# डीएम ने घायलों का जाना हाल, उपचार की समीक्षा

## सवारियों की ओवरलोडिंग पर परिवहन अधिकारी को सख्ती के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** लाथी-मांजखेत मार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना के बाद मंगलवार सुबह जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे जिला अस्पताल बागेश्वर पहुंचीं और घायलों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना। उन्होंने प्रत्येक घायल की स्थिति की जानकारी लेते हुए चिकित्सकों से उपचार की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की। वही सोमवार रात में विधायक कपकोट जिला अस्पताल पहुंचे यहां उन्होंने घायलों का हाल जाना। साथ ही घायलों को उचित उपचार देने के निर्देश दिए। ज्ञात हो कि सोमवार को कीमू से चुचेर की ओर जा रही बारातियों से भरी बोलेरो कार लाथी-मांजखेत मार्ग पर अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। घटना की जानकारी मिलते



ही जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी घायलों को प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध उपचार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने आवश्यक दवाइयों और चिकित्सकीय संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। मंगलवार को सुबह डीएम ने जिल अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना। प्रमुख मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. राजीव उपाध्याय ने बताया कि दुर्घटना के बाद सोमवार शाम 12 घायलों को जिला अस्पताल लाया गया था। इनमें से चार को हल्द्वानी रेफर किया गया, जबकि एक घायल को सोमवार शाम और एक को मंगलवार सुबह डिस्चार्ज कर दिया गया है। वर्तमान में छह घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। घटना को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने सहायक संभागीय परिवहन अधिक.ारी को विवाह सीजन के मद्देनजर ओवरलोडिंग के खिलाफ विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियां ढोने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि इस तरह की दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। जिलाधिक.ारी ने अस्पताल में भर्ती अन्य मरीजों से भी उनकी समस्याएं सुनीं और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान उपजिलाधिकारी प्रियंका रानी भी मौजूद रहीं।

# जिले में सभी टावर सक्रिय एवं कार्यशील रहेंः डीएम

**बागेश्वर।** जनपद में संचार सुविधाओं को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने बुधवार को टेलीकॉम समिति की बैठक ली। बैठक में दूरसंचार सेवाओं की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। जिलाधिकारी ने सभी दूरसंचार कंपनियों को निर्देशित किया कि जनपद में स्थापित सभी टावर पूर्ण रूप से सक्रिय एवं कार्यशील रहें। उन्होंने बीएसएनएल के एसडीओ को निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर टावर स्थापित हैं, वहां संबंधित ग्राम प्रधानों से तीन दिन के भीतर प्रमाण-पत्र प्राप्त करना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही निर्माण कार्यों के दौरान दूरसंचार लाइनों को क्षति से बचाने के लिए विभागों के बीच समन्वय बनाने पर जोर दिया। भारत नेट योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी को नोडल अधिकारी तैनात करने के निर्देश दिए गए, ताकि योजना की नियमित मॉनिटरिंग हो सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा और सरकारी सेवाओं के ऑनलाइन होने के कारण निर्बाध नेटवर्क उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है। उप जिलाधिकारी कपकोट को सभी वी-सैट की क्रियाशीलता जां.चने तथा आवश्यकता अनुसार नए वी-सैट खरीदने की प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि मानसून से पहले उनकी उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। बैठक में जानकारी दी गई कि 4जी सैचुरेशन योजना के तहत अब तक 48 नए टावर स्थापित किए जा चुके हैं और 7 नए टावर प्रस्तावित हैं।

# मदरसन कंपनी का विवाद सुलझा

## श्रमिक आंदोलन समाप्त, आज से काम पर लौटेंगे



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लालकुआं।** क्षेत्र के मोटाहल्दू में स्थित मदरसन कंपनी में पिछले कई दिनों से चल रहा श्रमिकों और प्रबंधन के बीच विवाद आखिरकार मंगलवार

### एसएसपी ने श्रमिकों को उकसाने पर दिखाया कड़ा रुख

को सुलझ गया। श्रमिकों ने अपना अनशन समाप्त कर दिया और काम पर लौटने का निर्णय लिया। बताया गया कि गतिरोध खत्म कराने के लिए प्रशासन, पुलिस, श्रम विभाग के अधिकारियों, प्रबंधन और श्रमिकों के बीच कई दौर की वार्ता हुई। इस दौरान श्रमिकों की 14 प्रमुख मांगों में से 12 को प्रबंधन ने तत्काल स्वीकार कर लिया, जबकि शेष दो मांगों पर शासन स्तर से कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। वार्ता के बाद सभी श्रमिक फैक्ट्री में वापस लौट आए हैं और बुधवार से उत्पादन कार्य पूरी तरह सामान्य होने की उम्मीद है। प्रशासन ने आंदोलन के दौरान श्रमिकों द्वारा बनाए गए अनुशासन और धैर्य की सराहना की है। अधिकारियों का कहना है कि प्रदर्शन के दौरान कानून-व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में रही और किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। वहीं, एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी ने चेतावनी दी है कि श्रमिक आंदोलन की आड़ में माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले बाहरी अराजक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के अनुसार, कुछ तत्वों द्वारा कंपनी में तोड़फोड़ और हिंसा की साजिश रची जा रही थी, जिसे समय रहते किल कर दिया गया। इस मामले में पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा डालने, बैरियर तोड़ने और श्रमिकों को उकसाने के आरोप में 20-30 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। नैनीताल पुलिस ने स्पष्ट किया कि औद्योगिक क्षेत्रों में शांति भंग करने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई, जिसमें गैंगस्टर और गुंडा एक्ट भी शामिल हैं, सुनिश्चित की जाएगी।

## हल्द्वानी में 'प्रातिज्ञ' कार्यक्रम 25 अप्रैल को

**हल्द्वानी।** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार की स्वायत्त संस्था संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली द्वारा उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी के सहयोग से प्रातिज्ञ कार्यक्रम का आयोजन 25 अप्रैल को किया जाएगा। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय परिसर स्थित सीडीएस स्व. जनरल बिपिन रावत बहुद्देशीय सभागार में अपराह्न 3 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में प्रदर्शन कला के क्षेत्र के प्रतिष्ठित कलाकार अपने अनुभव साझा करेंगे। मुख्य वक्ताओं में हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत के प्रख्यात कलाकार प्रो. इन्द्रजीत सिंह मोहली, कथक नृत्य की विशेषज्ञ डा. पूर्णिमा पाण्डे (लखनऊ) तथा उत्तराखण्ड के लोक संगीत की जानी-मानी हस्ती डा. माधुरी बड़थ्वाल (देहरादून) शामिल रहेंगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन चन्द्र लोहनी ने सभी कला प्रेमियों, विद्यार्थियों एवं आमजन से कार्यक्रम में सहभागिता की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है।

# मासूम की मौत के बाद सड़क पर उतरी पुलिस, सघन अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नैनीताल रोड पर हुए एक हृदयविदारक सड़क हादसे में 4 वर्षीय मासूम की मौत के बाद प्रशासन और परिवहन विभाग ने कड़ा रुख अपनाते हुए शहर में यातायात व्यवस्था को लेकर व्यापक अभियान छेड़ दिया है। इस घटना ने न केवल स्थानीय लोगों को झकझोर दिया, बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किए, जिसके बाद अब सड़कों पर नियमों के उल्लंघन पर सख्ती साफ दिखाई दे रही है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी आरटीओ अरविंद पांडे के अनुसार काठगोदाम से हल्द्वानी तक भारी वाहनों की आवाजाही में लगातार इजाफा हो रहा है। चिंताजनक बात यह है कि नो-एंट्री के स्पष्ट नियमों के बावजूद भारी वाहन शहर के भीतर प्रवेश कर रहे हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका कई गुना बढ़ गई है। इसी को देखते हुए परिवहन विभाग ने तत्काल प्रभाव से पांच विशेष टीमों का गठन कर सघन चेकिंग अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत प्रमुख चौराहों, व्यस्त मार्गों और संवेदनशील क्षेत्रों में वाहनों की जांच की जा रही है। नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के खिलाफ चालान काटने, वाहनों को जब्त करने और अन्य कानूनी कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि अब यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

## मुखानी में देर रात थार और बोलेरो की भिड़ंत, बड़ा हादसा टला

**हल्द्वानी।** मुखानी क्षेत्र में सोमवार देर रात एक थार और सरकारी नंबर प्लेट लगी बोलेरो के बीच आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। गनीमत रही कि हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, हालांकि बोलेरो वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते सोमवार रात करीब 11 बजे कठघरिया चौराहे के पास की है। बताया जा रहा है कि बोलेरो ब्लॉक की ओर से आ रही थी, जबकि थार कठघरिया की दिशा में जा रही थी। इसी दौरान दोनों वाहनों की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बोलेरो का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसके एयरबैग भी खुल गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। मुखानी थाना प्रभारी सुशील जोशी ने बताया कि घटना के संबंध में अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर कार्रवाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**काठगोदाम।** रेलवे परिसर में नो पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़े करने वालों के खिलाफ सोमवार को जीआरपी ने कड़ी कार्रवाई की। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को निरीक्षक तरुण वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने काठगोदाम रेलवे स्टेशन के पीआरएस क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम ने पाया कि कई वाहन चालक अपने चार पहिया वाहनों को रेलवे परिसर के नो पार्किंग क्षेत्र में खड़ा कर चुके थे। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए वाहनों सहित चालकों को पकड़कर पोस्ट पर लाया और उनके खिलाफ रेलवे अधिनियम की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। पकड़े गए आरोपियों में सूरज थापा इंद्रानगर काठगोदाम, राधे श्याम पुरानी चुंगी काठगोदाम, ललित मोहन आर्य बागजाला गौलपार काठगोदाम, कैलाश पाण्डे देवल चौड़ हल्द्वानी शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि सभी आरोपियों को जमानत पर रिहा कर दिया गया है। इसके साथ ही रेलवे परिसर में अवैध पार्किंग के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रखने का संकेत दिया गया है।जीआरपी टीम में निरीक्षक तरुण वर्मा, हेड कांस्टेबल वीरेंद्र सिंह, कांस्टेबल ओपी मीना, सोनू दुहन, पारस नाथ, दीपक आदि मौजूद रहे।

## दो वाहन चोर धरे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कोतवाली पुलिस ने दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की दो बाइक बरामद की है। पुलिस के अनुसार बीते 18 अप्रैल को दो अलग-अलग वाहन चोरी के मामल दर्ज किए गए थे। बीते सोमवार को कोतवाल विजय मेहता के नेतृत्व में जांच कर रही टीम ने मुखबिर की सूचना पर मंडी बाईपास जंगल क्षेत्र में दबिश दी, जहां से दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान योगेश कार्की उर्फ आयुष निवासी पश्चिमी खेड़ा गौलापार काठगोदाम और विनय राणा निवासी देवखेड़ा बनभूलपुरा के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से चोरी की टीवीएस स्पोर्ट और हीरो स्प्लेंडर बाइक बरामद की हैं। पुलिस दोनों आरोपितों के आपराधिक इतिहास की भी जांच कर रही है।

# राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस पर कार्यशाला

## युवाओं को मिला प्रशासनिक मार्गदर्शन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** देहरादून के कारगी रोड स्थित उत्तराखंड हेरिटेज स्कूल ऑफ मीडिया एंड एडवांस्ड स्टडीज़ में सैंगुइन वीकेयर वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग से राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस 2026 के अवसर पर एक भव्य एवं प्रेरणादायक कार्यशाला का आयोजन किया गया। एक दिवसीय इस कार्यशाला में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से आए विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वक्ता के रूप में मुख्य सूचना आयुक्त राधा रतूड़ी और पूर्व पुलिस महानिदेशक अनिल रतूड़ी उपस्थित रहे। दोनों वक्ताओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को जनसेवा, नेतृत्व और नैतिक मूल्यों के महत्व से अवगत कराया। राधा रतूड़ी ने अपने संबोधन में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और ईमानदारी को सिविल सेवाओं की आधारशिला बताते हुए कहा कि यदि लक्ष्य स्पष्ट और नीयत सच्ची हो, तो सफलता निश्चित है। वहीं अनिल रतूड़ी ने अनुशासन, साहस और निर्णय क्षमता को एक सफल अधिकारी की पहचान बताया। उन्होंने युवाओं को कठिन परिस्थितियों में धैर्य और सकारात्मक सोच बनाए रखने की सलाह दी। वक्ताओं ने प्रशासनिक सेवाओं की जमीनी चुनौतियों और जिम्मेदारियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सिविल सेवक समाज और शासन के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं। संस्थान की फाउंडर डायरेक्टर डा. कंचन नेगी ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को एक ऐसा मंच प्रदान करना है, जहां वे अनुभवी अधिकारियों से सीधे संवाद कर सकें और उनके अनुभवों से सीख लेकर अपने भविष्य को दिशा दे सकें। उन्होंने बताया कि इस पहल के माध्यम से युवाओं में नेतृत्व, जिम्मेदारी और राष्ट्र सेवा की भावना विकसित करने का प्रयास किया जाता है। इस मौके पर डा. केएस नेगी, सुशीला नेगी, आँचल बिष्ट, देव, हर्ष माथुर, केशव, प्रियांशु, दीपांशु, हरि ओम, आयुष, अंकित डबराल, अंकिता नेगी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## घायल व्यापारी की मौत

**हल्द्वानी।** पिथौरागढ़ से इलाज कराने आए एक बेकरी कारोबारी की सड़क हादसे में घायल होने के बाद मौत हो गई। पुलिस ने पहले ही अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था जिसकी तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार गणाई गंगोली बेरीनाग पिथौरागढ़ निवासी 64 वर्षीय महेंद्र सिंह बीमार चल रहे थे और 15 अप्रैल को उपचार के लिए हल्द्वानी आए थे। वह सुशीला तिवारी अस्पताल में चेकअप के लिए पहुंचे थे और रात को काठगोदाम के एक होटल में ठहरे थे। बताया जा रहा है कि खाना खाने के बाद महेंद्र सिंह टहलने के लिए सड़क पर निकले थे, तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात कार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल होने पर उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां सोमवार रात उन्होंने दम तोड़ दिया। एसओ काठगोदाम विमल मिश्रा ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## एडवांस्ड स्पाइन सर्जरी से मरीज को मिली नई जिंदगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एडवांस्ड स्पाइन केयर और समय पर चिकित्सा हस्तक्षेप का उत्कृष्ट उदाहरण पेश करते हुए मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल पटपड़गंज के डॉक्टरों ने 29 वर्षीय मरीज गुरवीर सिंह संधू का सफलतापूर्वक इलाज किया। हल्द्वानी निवासी गुरवीर सिंह संधू को लोअर बैक पेन के साथ दर्द बाएं पैर तक फैल रहा था। समय के साथ उनकी स्थिति बिगड़ती गई और उन्हें चलने में परेशानी व पैर में कमजोरी महसूस होने लगी। जांच के दौरान एमआरआई स्कैन में लंबर स्पाइन के एल4-एल5 लेवल पर गंभीर कंप्रेशन पाया गया, जो समय पर इलाज न होने पर न्यूरोलॉजिकल जटिलताओं का कारण बन सकता था। स्थिति को देखते हुए डाक्टरों ने तुरंत सर्जरी का निर्णय लिया। मैक्स हॉस्पिटल के न्यूरोसर्जरी विभाग के प्रिंसिपल डायरेक्टर डा. आशीष गुप्ता ने बताया कि मरीज का इलाज मिनिमली इनवेसिव माइक्रोस्कोपिक स्पाइन प्रोसीजर के जरिए किया गया, जिसमें प्रभावित नर्व पर दबाव को सटीक तरीके से कम किया गया। इस तकनीक में आसपास के टिशू को न्यूनतम नुकसान होता है, जिससे मरीज को कम दर्द और तेजी से रिकवरी मिलती है। प्रोसीजर के बाद मरीज की रिकवरी बेहद तेज रही।




# डिप्लोमा फार्मासिस्ट की मांगों पर बैठक में हुई चर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन कुमाऊं मंडल के पदाधिकारियों और स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच मंगलवार को महत्वपूर्ण वार्ता आयोजित की गई। यह वार्ता कुमाऊँ मंडल के डायरेक्टर और मुख्य चिकित्सा अधिकारी नैनीताल के साथ संगठन की लंबित मांगों और चल रहे आंदोलन के समाधान को लेकर की गई।

बैठक के दौरान संगठन की विभिन्न मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि महानिदेशक डीजी हेल्थ की ओर से संबंधित मांगों पर कार्रवाई प्रक्रिया में है और जल्द ही समाधान की दिशा में कदम उठाए जाएंगे। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि आगामी मई माह तक सभी फार्मेसी अधिकारियों के लंबित भुगतानों का निस्तारण कर दिया जाएगा।

इसके साथ ही आगामी चारधाम यात्रा के दौरान स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने पर भी सहमति व्यक्त की गई। वार्ता के दौरान दोनों पक्षों के बीच सकारात्मक वातावरण में चर्चा हुई, जिससे आंदोलन के समाधान की दिशा में प्रगति देखने को मिली है। अधिकारियों ने यह भी भरोसा दिलाया कि स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर मई माह में हल किया जाएगा। बैठक के बाद डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने निर्णय लिया कि कुमाऊँ मंडल शाखा की शीघ्र बैठक बुलाकर वर्तमान आंदोलन की समीक्षा की जाएगी। संगठन ने महानिदेशक के आश्वासन के बाद आगे की रणनीति तय करने पर सहमति जताई है। वार्ता में कुमाऊं मंडल के निदेशक डा. केके पांडे, मुख्य चिकित्सा अधिकारी नैनीताल डा. हरीश चंद्र पंत, डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन कुमाऊं के अध्यक्ष गजेन्द्र पाठक, सचिव प्रेम शंकर सिंह एवं कोषाध्यक्ष दिगम्बर सिंह रावत सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## ध्रुव रौतेला से मिले खेल प्रशिक्षक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सोमवार को खेल प्रशिक्षकों का एक प्रतिनिधिमंडल मीडिया सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष ध्रुव रौतेला से उनके निजी आवास पर मिला। इस दौरान प्रशिक्षकों ने लंबित वेतन, प्रशिक्षण शिविरों के संचालन और अन्य समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। श्री रौतेला ने तत्काल पहल करते हुए अपर निदेशक खेल अजय अग्रवाल से फोन पर संपर्क किया और आवश्यक पत्राचार किया। उनके प्रयासों के फलस्वरूप, अपर निदेशक ने 20 अप्रैल को संबंधित जिला क्रीड़ाधिकारी को आवश्यक निर्देश जारी किए। इस मौके पर विनय जोशी, त्रिलोक जीना, श्याम भट्ट, महेश बिष्ट, अंकुश रौतेला, गोविंद लटवाल, सुरेश पांडे, आनंद देव, गोपाल सिंह, दिनेश रावत, उमेश रावत, भगवत मेर, सुनील कुमार, निलेश गुप्ता, तनुजा आर्य, रितिका जोशी, पूनम शिरोला, काव्या ठाकुर, राजेंद्र नेगी, त्रिलोक बिष्ट, संजय गेडा, राहुल सिंह, महेश फर्त्याल, मनीष वर्मा, देवेंद्र भट्ट, जितेंद्र बिष्ट आदि प्रशिक्षक मौजूद रहे।

## टैक्स बार एसो. के चुनाव पर मंथन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी टैक्स बार एसोसिएशन की आम सभा में आगामी चुनावों को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। बैठक में सर्वसम्मति से तीन वरिष्ठ सदस्यों विनय टंडन, संजय पांडे एवं मनोज भंडारी को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। इनकी देखरेख में पूरी चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। चुनाव अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि हल्द्वानी टैक्स बार एसोसिएशन के चुनाव आगामी 2 मई को आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही पूरा चुनाव कार्यक्रम भी औपचारिक रूप से जारी कर दिया गया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार नामांकन प्रक्रिया 25 अप्रैल से 29 अप्रैल तक चलेगी, जबकि नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई है। इसके बाद 2 मई को मतदान प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी, जिसके परिणाम भी उसी दिन या निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार घोषित किए जाएंगे। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद टैक्स बार एसोसिएशन के सदस्यों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। विभिन्न पदों के लिए संभावित प्रत्याशियों ने अपनी-अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं और संगठन के भीतर सक्रियता बढ़ गई है। चुनाव अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि पूरी चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी होगी। किसी भी प्रकार की अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस चुनाव के माध्यम से हल्द्वानी टैक्स बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा, जो आगामी कार्यकाल में अधिवक्ताओं के हितों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर निर्णय लेकर संगठन को आगे बढ़ाने का कार्य करेगी।

# रिक्शा चालक हत्याकांड में हाईकोर्ट ने दूसरी पीठ को किया मामला रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने देहरादून में ई रिक्शा चालक की हत्या के आरोपियों को फांसी की सजा दिए जाने के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई के बाद इसकी सुनवाई के लिए दूसरी पीठ को रेफर कर दिया है। देहरादून राजधानी के गुच्चुपानी में ई रिक्शा चालक की बेहरमी से हत्या के पांच आरोपियों को सेशन जज प्रथम महेश चंद्र कुशवाहा की अदालत ने दोषी दिया था। सुपारी लेकर हत्या करने के तीन दोषियों को फांसी की सजा दी गई गयी और इन पर 25-25 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। हत्या का षडयंत्र रचने के दो आरोपियों को उम्रकैद की सजा देने के साथ साथ पच्चीस-पच्चीस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया था।

## दुकान स्वामी को सुरक्षा दिलाए जाने के मामले में सुनवाई कल

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नैनीताल कालाढूंगी मार्ग के घटगड़ में खुली मदिरा की दुकान और दुकान स्वामी को सुरक्षा दिलाए जाने के मामले में दायर याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने फिलहाल कोई राहत नही देते हुए अगली सुनवाई 23 अप्रैल को भी जारी रखी है। बता दें मंगलवार को हुई सुनवाई पर आबकारी आयुक्त वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश हुए। उनके द्वारा कोर्ट का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि मदिरा की दूकान को विस्थापित करने जिला अधिकारी के क्षेत्राधिकार में है। विरोध के बाद दुकान मंगोली से घटगड़ कर दी गयी हैं। जिसपर कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई हेतु 23 अप्रैल की तिथि नियत कर दी।

# इंस्पिरेशन स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

### जेईई मेंस-2 में सर्वज्ञ श्रीवास्तव ने हासिल किए 99.24 पर्सेंटाइल सार्थक रावत और मृदुल नाथ गोस्वामी ने भी जेईई एडवांस्ड के लिए बनाई जगह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम स्थित इंस्पिरेशन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के मेधावी छात्रों ने जेईई मेंस-2 परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्र सर्वज्ञ श्रीवास्तव ने 99.2414 पर्सेंटाइल प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। इसी क्रम में छात्र सार्थक रावत ने 96.2460 पर्सेंटाइल और मृदुल नाथ गोस्वामी ने 93.6604364 पर्सेंटाइल अर्जित कर जेईई एडवांस्ड परीक्षा के लिए अर्हता प्राप्त की है। सर्वज्ञ श्रीवास्तव अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ विद्यालय की वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में भी लगातार अग्रणी रहे हैं। उनकी बहुमुखी प्रतिभा अन्य छात्रों के लिए प्रेरणादायक मानी जा रही है। इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन में खुशी का माहौल है। इंस्पिरेशन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के निदेशक डा. दीपक बल्यूटिया, चेयरपर्सन डा. गीतिका बल्यूटिया, आयुषी बल्यूटिया, प्रधानाचार्य अनुराग माथुर, उप-प्रधानाचार्या ममता तनेजा, कोऑर्डिनेटर प्रियंका शर्मा एवं अकादमिक कोऑर्डिनेटर मनमोहन जोशी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## मारपीट मामले में मुकदमा

**हल्द्वानी।** पनचक्की क्षेत्र में चलती स्कूटी से महिला और उसकी मासूम बेटी को गिराकर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने दो युवकों और एक नाबालिग के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना के साक्ष्य के रूप में सीसीटीवी फुटेज समेत अन्य सामग्री पुलिस ने कब्जे में ले ली है। जानकारी के अनुसार रामपुर रोड निवासी पीड़िता शिवानी शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि 15 अप्रैल की शाम वह अपने पार्लर से घर लौट रही थी। पनचक्की के पास सामने से आ रहे बाइक सवार तीन युवकों ने उनकी स्कूटी में लात मार दी, जिससे वह अपनी पांच वर्षीय बेटी के साथ नाली में जा गिरी। आरोप है कि इसके बाद दो युवक नीचे उतरकर महिला के साथ अभद्रता करने लगे। विरोध करने पर एक युवक ने उनके गाल पर थप्पड़ मार दिया। शोर-शराबा होने पर तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़िता ने बताया आरोपी उनके पड़ोसी हैं। और पूर्व में हुए विवाद के चलते अक्सर धमकी देते रहते हैं।

# नाला डायवर्जन का दूसरा चरण शुरू

## 16 कालोनियों के 20 हजार लोगों को जलभराव से मिलेगी निजात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बन चौकी से बरसाती नाले के डायवर्जन हेतु 1 करोड़ 88 लाख 30 हजार की लागत की दूसरे चरण की कार्ययोजना का बहुप्रतीक्षित कार्य मंगलवार को शुरू हो गया। पूजा अर्चना के साथ नारियल तोड़कर शुरू हुए कार्य के बाद मिष्ठान वितरण किया गया। इस मौके पर जलभराव से प्रभावित लोगों ने एक-दूसरे को बधाई देते हुए अपनी खुशी व्यक्त की। गौरतलब है कि उक्त बरसाती नाले से गैरवैशाली क्षेत्र की 16 कालोनियों में बरसात के दिनों में जलभराव से भयावह स्थिति से निजात पाने के लिए सभी कालोनीवासियों ने देवकीबिहार विकास समिति के अध्यक्ष सेवानिवृत्त सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी रमेश चन्द्र पाण्डे के नेतृत्व में 15 जुलाई 2024 से तीन दिन तक व्यापक आंदोलन किया था और तब से निरन्तर दबाव बनाये हुए थे। जलभराव से इन कॉलौनियों के तकरीबन 20 हजार लोग प्रभावित थे। जलभराव से कई काश्तकारों की खेती-बाड़ी चौपट हो गई थी और कई मकानों में दरारें आ गई थी।



बरसात में बच्चों की स्कूल में आवाजाही बाधित हो रही थी। मंगलवार की सुबह बन चौकी के पास वार्ड संख्या 46 के पार्षद नवीन जोशी एवं सेवानिवृत्त सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी रमेश चन्द्र पाण्डे ने संयुक्त रुप से पूजा अर्चना कर नारियल तोड़ा, जिसके बाद वहां जेसीबी से खुदाई का कार्य शुरू हुआ। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने नाले के डायवर्जन हेतु किये गये संघर्ष को याद करते हुए इस कार्य में सहयोग के लिए एक स्वर से विधायक बंशीधर भगत, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल एवं मीडिया का विशेष आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सिंचाई विभाग के अवर अभियन्ता संजय जोशी, ठेकेदार प्रकाश भट्ट, मोहन अधिकारी, चन्द्र सिंह नेगी, बहादुर सिंह हरडिया, किशोरी लाल, त्रिलोक सिंह पपोला, अंकुर सिराडी, अंजू रौतेला, सुनीता कार्की, तारा खाती, गीता सिराडी आदि उपस्थित थे।

## 12.51 ग्राम स्मैक समेत युवक गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक युवक को अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। बीती रात्रि कोतवाल विजय सिंह मेहता के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रामलीला ग्राउंड क्षेत्र में चेकिंग के दौरान एक युवक को गिरफ्तार किया। जिसकी तलाशी के दौरान 12.51 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पकड़े गए तस्कर ने अपना नाम नमन शाह निवासी माल रोड मल्लीताल बताया। बताया जा रहा कि पकड़ा गया तस्कर पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ वर्ष 2021 में थाना मल्लीताल में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज हो चुका है। टीम में एसआई मनोज कुमार, हेड कांस्टेबल इसरार नबी, कांस्टेबल दिनेश नगरकोटी, अनिल टम्टा शामिल रहे।

**उत्तराखण्ड पॉवर कारपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
विक्टोरिया क्रॉस विजेता गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रोड, देहरादून-248001,
कारपोरेट आइडेन्टीटी नं0. UA40109UP2001SGC025867/2358
दूरभाष संख्या: 0135-2763672-76, वैबसाईट: www.uktenders.gov.in

**ई-निविदा विस्तार सूचना**

इस कार्यालय द्वारा पूर्व में प्रकाशित ई-निविदा विशिष्टीकरण संख्या सी.सी.पी.-II/20/2025-2026 के पावर परचेज के क्लाउड आधारित स्वचालित मासिक बीजक सत्यापन हेतु सॉफ्टवेयर/एप्लिकेशन के डिजाइन, डेवलपमेंट एवं कार्यान्वयन हेतु एक वर्ष के लिए एजेंसी की नियुक्ति एवं पावर परचेज के पिछले पाँच वर्षों के बीजकों का सत्यापन एवं प्रमाणीकरण की तिथि को अपरिहार्य कारणों से विस्तारित किया जाता है।
ई-निविदा क्रय एवं जमा दिनांक 06.05.2026 को 17:00 बजे तक की जा सकती है।
ई-निविदा का भाग-एक दिनांक 07.05.2026 को 15:30 बजे खोला जायेगा।
अन्य नियम व शर्तें मूल ई-निविदा के अनुसार रहेंगी। अन्य विवरण के लिए कृपया वेबसाईट www.uktenders.gov.in को देखें।

अधीक्षण अभियन्ता
कारपोरेट (अनुबंध एवं क्रय-द्वितीय)
No.: 282/EE(CM)/UPCL/A-2 Dt. 21.04.2026

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें।" बिजली बचाने हेतु एल०ई०डी० बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं० 1912)
विद्युत बिलों के 24X7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं
(विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं० 18001804185/फैक्स नं0 0135-2760911 पर दें)

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पुलिस के की गई अभद्रता पर छात्रों ने किया प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** महावीर औद्योगिक आस्थान मोटा हल्दु लालकुआं स्थित मदर्सन सुमी सिस्टम लिमिटेड कंपनी के ठेका श्रमिकों द्वारा अपनी मांगों को लेकर किये जा रहे प्रदर्शन के दौरान कथित रूप से आशीष कबाड़वाल अध्यक्ष छात्र महासंघ कुमाऊं विश्वविद्यालय के साथ पुलिस द्वारा किए गए अभद्र व्यवहार पर नाराजगी व्यक्त करते हुए रोहित नेगी महासंघ कोषाध्यक्ष कुमाऊं विश्वविद्यालय के नेतृत्व में लखनपुर चुंगी रामनगर में पीएनजी पीजी कॉलेज रामनगर के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रदर्शन किया। उन्होंने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया गया। इस दौरान पीएनजी पीजी कॉलेज रामनगर के छात्रसंघ सचिव मनीष जोशी,कोषाध्यक्ष संक्रांत सिंह,पूर्व छात्र संघ सचिव धीरज जोशी,लवी मेहरा,कृतिका मंडोलिया आदि मौजूद रहे।

# पॉलिप्लेक्स फैक्ट्री में मजदूरों का आक्रोश

- वेतन वृद्धि और सुरक्षा की मांग को लेकर सड़क पर उतरे सैकड़ों कर्मचारी
- विक्रमपुर औद्योगिक क्षेत्र में सुबह साढ़े सात बजे से ही शुरू हुई नारेबाजी
- मांगों के पूरा होने तक प्रदर्शन जारी र ने की चेता. वनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** विक्रमपुर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित पॉलिप्लेक्स फैक्ट्री में मंगलवार सुबह उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब वेतन वृद्धि की मांग को लेकर सैकड़ों श्रमिक लामबंद होकर सड़कों पर उतर आए। श्रमिकों ने फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबा. जी की और गंभीर आरोप लगाते हुए कार्य बहिष्कार कर दिया। मजदूरों का कहना है कि लंबे समय से वेतन बढ़ाने की मांग को प्रबंधन अनसुना कर रहा है, जिससे उनमें गहरा असंतोष व्याप्त है।

प्रदर्शनकारी श्रमिकों ने कंपनी प्रबंधन पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी का आरोप लगाया है। मजदूरों का कहना है कि वे अपनी जान जोखिम में डालकर काम कर रहे हैं, लेकिन कंपनी द्वारा न तो उन्हें सुरक्षा उपकरण दिए जाते हैं और न ही कार्यक्षेत्र में सुरक्षा का कोई ठोस इंतजाम है। श्रमिकों का यह भी आरोप है कि कंपनी द्वारा उन्हें ड्रेस तक उपलब्ध नहीं कराई गई है। मजदूरों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि कंपनी में वर्करों का शोषण चरम पर है। यदि काम के दौरान किसी कर्मचारी को मामूली चोट भी लग जाती है, तो उसे इलाज या मुआवजा देने के बजाय तुरंत काम से बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता है। समय-समय पर बिना किसी ठोस कारण के पुराने वर्करों की छंटनी की जा रही है, जिससे उनके सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है।श्रमिकों का आरोप है कि उन्हें भारी दबाव में रखकर काम कराया जा रहा है और काम के नाम पर उनके साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने दो टूक कहा कि जब तक वेतन में सम्मानजनक वृद्धि नहीं की जाती और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं होते, तब तक उनका यह आंदोलन अनवरत जारी रहेगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से संजय, राजेश, शिवा, प्रमोद, करन, मुकेश, सुनील, अरुण, श्याम, जनरल सिंह, विनोद, सुरजीत, पूरन, जितेंद्र, महेश, गुरप्रीत, गोपी, रवि, शैलेंद्र शर्मा, जोगिंदर सिंह दरबारिया, विजय सिंह यादव, योगेंद्र सिंह, रतन लाल, गोकुल, शुभम, राकेश, रजत, कमल, ललित, जगदीश, रोहित, पवन कुमार, सतनाम सिंह, रविंदर, अशोक, कुंदन, धर्मेंद्र, तीरथ सहित बड़ी संख्या में मजदूर उपस्थित थे।

## एक नजर

### अज्ञात वाहन की टक्कर से नंदी घायल

**बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने बचाई जान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** सोमवार देर रात्रि क्षेत्र के कृष्णा शेखू ढाबा के समीप एक अज्ञात वाहन ने सड़क पर घूम रहे नंदी (गोवंश) को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में नंदी गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

मंगलवार सुबह घटना की सूचना मिलने पर बजरंग दल के कार्यकर्ता तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल नंदी को प्राइवेट वाहन की मदद से पशु चिकित्सक के पास पहुंचाया, जहां उसका उपचार किया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, रात के समय तेज रफ्तार वाहनों के कारण इस तरह की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने प्रशासन से क्षेत्र में यातायात नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

### रपट दर्ज कराने को कांग्रेसियों का कोतवाली में प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल के नाम से एआई का दुरूपयोग कर फर्जी एकांउट बनाकर बंगाली समाज के प्रति भ्रामक व आपत्तिजनक पोस्ट डालने वाले व्यक्ति के खिलाफ रपट दर्ज कराने की मांग को लेकर कांग्रेस पार्षद संघ के अध्यक्ष गौरव खुराना के नेतृत्व में भारी संख्या में कांग्रेसजनों ने कोतवाली में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

कांग्रेस नेता संजय जुनेजा ने कहा कि 19 अप्रैल को विधायक तिलकराज बेहड़ के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने गौरव खुराना की ओर से दोषी व्यक्ति के खिलाफ तहरीर देकर रपट दर्ज करने की मांग की थी। परंतु अभी तक मामला दर्ज नहीं किया गया। उनका आरोप था कि कोतवाली में उनकी कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। जुनेजा ने कहा कि भाजपा के पास जनता के बीच जाने का कोई मुद्दा नहीं है इसलिए वह एआई का दुरूपयोग कर जनता में आपस फूट डालने का काम करने में लगी है। कार्यकर्ता सीओ कार्यालय पहुंचे जहां सीओ प्रशांत कुमार का घेराव किया गया। उनसे हुई वार्ता में पुलिस ने इस मामले में पांच दिन का समय मांगा। इस दौरान पार्षद गौरव खुराना, मोहन खेड़ा, परिमल राय, बाबू खान, इन्द्रजीत सिंह, राजू कोली, विकास मल्लिक, खगोपति विश्वास, परवेज कुरैशी, जितेश शर्मा, सौरव राज बेहड़, रिजवान अहमद, अशफाक, मोनिका ढ़ाली, विकास विश्वास, शुभम दास, अर्जुन विश्वास, रणजीत तिवारी, दिनेश पंत आदि मौजूद थे।

### कांग्रेस कमेटी झनकट के मो. फुरकान ब्लॉक उपाध्यक्ष एवं जाबिर खान बने महासचिव

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी झनकट ब्लॉक अध्यक्ष दीपक बिष्ट ने चारुबेटा निवासी मोहम्मद फुरकान को ब्लॉक उपाध्यक्ष तथा वार्ड संख्या दो निवासी जाबिर खान को महासचिव मनोनीत किया है। नानकमता के विधायक गोपाल सिंह राणा ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के कामना की विधायक ने अपेक्षा की की। दोनों पदाधिकारियों से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़के, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, गणेश गोदियाल, हिमांशु गावां को मजबूत करेंगे। इस अवसर पर जवाहर सिंह, एडवोकेट मोहम्मद जफर , तौकीर अहमद, गौरव राणा, सूरज राणा, विवरण राणा, मनीष, फहीम आदि मौजूद थे।

### चीनी मिल कर्मचारियों ने 2016 वेतनमान लागू करने की उठाई मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** बाजपुर स्थित चीनी मिल के कर्मचारियों ने वर्ष 2016 का वेतनमान लागू किए जाने की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा।

कर्मचारियों का कहना है कि राज्य की सहकारी चीनी मिलों में कार्यरत कर्मचारियों को पूर्व निर्धारित वेतनमान और सुविधाओं से वंचित किया जा रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में बताया गया कि वर्ष 2016 में अप्रैल 2018 से चीनी मिल की व्यवस्था निजी क्षेत्र के अंतर्गत संचालित की गई थी, जिसके बाद कर्मचारियों की कई सुविधाएं समाप्त कर दी गईं। वर्ष 2025 में पुनः पुरानी वेतन व्यवस्था लागू करने की बात कही गई, लेकिन कर्मचारियों को अब तक उसका लाभ नहीं मिल सका। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि वेतन में लगभग 40 प्रतिशत तक की कटौती कर दी गई है, जिससे उनकी पारिवारिक स्थिति प्रभावित हो रही है। साथ ही वर्ष 2021 से 2016 के वेतनमान का लाभ नहीं दिया गया तथा वर्ष 2022 में इसका भुगतान रोक दिया गया। अप्रैल 2026 में भी पुनः इसका लाभ बंद कर दिया गया। ज्ञापन में कहा गया कि इस कारण कर्मचारियों का वेतन और सुविधाएं लगातार घट रही हैं, जबकि केंद्रीय कार्यालयों को लगातार लाभ पहुंचाया जा रहा है। कर्मचारियों ने मांग की कि सभी श्रमिकों को वर्ष 2016 का वेतनमान तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए, ताकि उन्हें आर्थिक राहत मिल सके। इस दौरान कर्मचारियों ने भाजपा जिला अध्यक्ष से मामले में हस्तक्षेप कर श्रमिक हित में आवश्यक कार्रवाई करने की अपील की। ज्ञापन इस्माइल यूनिट अध्यक्ष, चीनी श्रमिक संघ, बाजपुर (उधमसिंहनगर) की ओर से सौंपा गया।

### दुकानों के आगे लगे टीन शेड को न हटाने को लेकर दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** रामनगर के व्यापारियों ने बाजार क्षेत्र की दुकानों के आगे लगे टीन शेड को न हटाने को लेकर एक ज्ञापन नगर पालिका परिषद रामनगर के अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल को दिया।

दिए गए ज्ञापन में व्यापारियों ने कहा कि हमारे बाजार की अधिकांश दुकानों के आगे लगे टीन शेड पिछले लंबे समय से लगे हुए हैं।यह टीन शेड ग्राहकों को धूप, वर्षा एवं अन्य मौसम से बचाने के लिए लगाए गए हैं।हाल ही में व्यापारियों को यह जानकारी मिली है कि नगर पालिका द्वारा इन टीन शेड को हटाने की कार्यवाही की जा सकती है। इसी मामले को लेकर रामनगर व्यापारियों ने नगर पालिका प्रशासन से अनुरोध किया है कि इन टीन शेड को न हटाया जाए। इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह खाती,सभासद शिवी अग्रवाल,व्यापार मंडल के पूर्व नगर अध्यक्ष मनमोहन अग्रवाल, बब्लू अग्रवाल,अंकुर अग्रवाल,राकेश अग्रवाल,शलभ मित्तल,विकास अग्रवाल,कपिल शर्मा,हर्षित,राहुल आदि मौजूद रहे।

### महाविद्यालय में ग्रीन आर्मी ने चलाया स्वच्छता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में ग्रीन आर्मी द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्राचार्य प्रो.एम. सी.पाण्डे ने प्राध्यापकों, शिक्षणेत्तर कार्मिकों, एनसीसी,एनएसएस, रोवर्स रेंजर्स, नमामि गंगे के स्वयं सेवकों एवं विद्यार्थियों को स्वच्छता की महत्ता विषय पर सम्बोधित किया। ग्रीन आर्मी का उद्देश्य पर्यावरण,जल एवं ऊर्जा संरक्षण है। छात्र छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक प्रो.जे.एस.नेगी,डॉ.सिराज अहमद, डॉ. प्रमोद जोशी,डॉ. डी.एन.जोशी, प्राध्यापक व छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# सुरक्षित प्रसव को लेकर जागरूकता शिविर

- गर्भवती महिलाओं व किशोरियों को दी गई जानकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** बरहैनी स्थित दशमेश स्कूल में सुरक्षित प्रसव को लेकर मंगलवार को जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर उप जिला चिकित्सालय बाजपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. पीडी गुप्ता व प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. रवि शंकर श्रीवास्तव के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इसमें गर्भवती महिलाओं, किशोरियों और स्थानीय महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सुरक्षित मातृत्व, समय पर स्वास्थ्य जांच, पोषण और संस्थागत प्रसव के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। विशेषज्ञों ने बताया कि प्रसव हमेशा स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल में ही कराना चाहिए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल उपचार मिल सके। इस दौरान गर्भावस्था में नियमित जांच, आयरन व कैल्शियम की दवाओं का सेवन और आवश्यक टीकाकरण को बेहद जरूरी बताया गया। साथ ही प्रसव पूर्व और प्रसव के बाद की देखभाल, नवजात शिशु की सुरक्षा, स्तनपान के फायदे और स्वच्छता के प्रति भी महिलाओं को जागरूक किया गया। इस अवसर पर डॉ. पी.डी. गुप्ता, डॉ. रवि शंकर श्रीवास्तव, डॉ. नेहा भट्ट, डॉ. आकांक्षा, एएनएम नेहा, हिमानी भंडारी, शिखा जोशी (ब्लॉक कोऑर्डिनेटर), बृजबाला शर्मा (आशा फैसिलिटेटर), सरोज यादव सहित समस्त आशा कार्यकर्ती, संजीव पाल, सुबोध सक्सेना और राहुल सक्सेना मौजूद रहे।

# धोखाधड़ी के मामले में फरार आरोपी को दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** पुलिस ने कानून का शिकंजा करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। खटीमा पुलिस ने 10 वर्ष पुराने धोखाधड़ी के अभियोग में विगत 8 वर्षों से फरार चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

मंगलवार को खटीमा पुलिस ने आठ वर्षों से न्यायालय से वांछित चल रहे हैं अभियुक्त मुजफ्फरनगर मोहल्ला रामपुरम निवासी नीरज शर्मा पुत्र आरसी शर्मा को मुखबिर की सूचना पर बुलंदशहर राज दरबार होटल से गिरफ्तार किया।

इस दौरान टीम में एसआई अशोक कांडपाल, कांस्टेबल मोहसिन नवीन चंद आदि शामिल थे।

# वर्तमान विधायक और पूर्व विधायक के बीच चल रही जुबानी जंग का मामला निपटा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** पांच दिन से विधायक एवं पूर्व विधायक के बीच चल रही जुबानी जंग एक समझौते के बाद बंद हो गई, लेकिन पूर्व विधायक समर्थकों की जश्न की वायरल वीडियों से मामला बिगड़ गया। इससे नाराज विधायक एवं उनके समर्थकों ने जमकर हंगामा काटा। करीब एक घंटे तक हंगामा करने के बाद वायरल हुई पूर्व विधायक की वीडियो के बाद मामला निपटा। इस दौरान पुलिस प्रशासन की सांसे अटकी रही।

बता दें कि बीते 15 अप्रेल को ठाकुर मंदिर के समीप रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा लगाने को लेकर विधायक आदेश चौहान, पूर्व विधायक डा. शैलेद्र मोहन सिंघल में विवाद हो गया था। इसके बाद से दोनों में सोशल मीडिया में जुबानी जंग शुरू हो गई। तथा आरोप प्रत्यारोप का दौर चल पड़ा। पूर्व विधायक ने सोमवार शाम पांच बजे विधायक को बीएसवी इंटर कालेज में बुलाकर इलाज कराने का अल्टीमेटम दे दिया। इस पर विधायक ने उनके चेलेंज को स्वीकार कर समय से पहले पहुंचने की वीडि़यो जारी कर दी। इसको लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया। तथा रविवार रात को एसडीएम ने पांच किमी परिघि क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू कर दी। सोमवार को पुलिस के आला अफसरों ने जगह जगह फोर्स तैनात कर दिया।

वहीं, विधायक एवं पूर्व विधायक के कार्यालयों पर समय से पहले समर्थकों की भीड़ जुटने लगी। करीब तीन बजे से पहले समदर्शी संस्था एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष हरिओम सिंह, सतीश अरोरा, आरपी सिंह, मो. यामीन, त्रिलोक अरोरा आदि ने विधायक एवं पूर्व विधायक से वार्ता के बाद समझौता होने की की बात कही। विधायक एवं पूर्व विधायक ने भी समझौते पर सहमति दी। बताते है कि शाम पांच बजे के करीब पूर्व विधायक के समर्थकों ने ढोल नगाड़े के संग जश्न मनाते हुए वीडियो वायरल कर दी। इससे विधायक आदेश चौहान नाराज हो गए। तथा वह समर्थकों संग बीएसवी इंटर कालेज जाने लगे। विधायक के आवास से 100 मीटर दूर बैठी पुलिस ने विधायक को घेर लिया। करीब आधे घंटे तक पुलिस एवं विधायक एवं उनके समर्थकों में बहस होने लगी। सीओ बाजपुर, कोतवाल राजेंद्र सिंह डांगी, धर्मवीर सोलंकी, विक्रम राठौड़,एसएसआई जावेद मलिक आदि ने किसी तरह विधायक को समझाकर वीडियो डिलीट कराई। इस बीच विधायक ने समझौता कराने वाले पंचों को बुलाकर वीडियों के बारे में बताया। पूर्व विधायक द्वारा समझौते की एक वीडियो जारी करने पर मामला शांत हुआ।

# महिला आरक्षण पर भ्रम फैला रही है भाजपाः ठुकराल

- महानगर अध्यक्ष ममता रानी और पूर्व विधायक ठुकराल ने लगाया झूठा नेरेटिव फैलाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा महिला आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस को महिला विरोधी बताए जाने के दावों को कांग्रेस ने सिरे से खारिज करते हुए इसे भाजपा का एक दुर्भावनापूर्ण और झूठ पर आधारित नैरेटिव करार दिया है।

सिटी क्लब में आयोजित एक महत्वपूर्ण पत्रकार वार्ता के दौरान कांग्रेस महानगर अध्यक्ष ममता रानी और पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने भाजपा पर तीखा प्रहार किया। महानगर अध्यक्ष ममता रानी ने कहा कि भाजपा महिला आरक्षण के नाम पर देश की जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब वर्ष 2023 में महिला आरक्षण बिल संसद में सर्वसम्मति से पास हो गया था, तो भाजपा सरकार ने इसे अब तक लागू क्यों नहीं किया? यह भाजपा की कथनी और करनी के अंतर को स्पष्ट करता है। ममता रानी ने आरोप लगाते हुए कहा कि संवैधानिक 131वां संशोधन बिल दरअसल महिला आरक्षण की आड़ में संसद और विधानसभा की सीटों को बढ़ाने की एक सोची-समझी साजिश थी। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने भाजपा पर कड़ा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा सदैव झूठ की राजनीति करती है और जनता के बीच केवल भ्रम फैलाने का काम करती है। उन्होंने कहा आज भाजपा अपने सिद्धांतों से पूरी तरह भटक चुकी है और केवल वोट बैंक की राजनीति के लिए जनता को छल रही है। इस दौरान संदीप चीमा, त्रिनाथ विश्वास, मोनिका ढाली, उमा सरकार, सतीश कुमार, बाबू विश्वकर्मा, सुनील चुग, अर्जुन विश्वास, नरेश सागर, प्रकाश सरकार, राम विलास शाह, विकास बंसल, संजय ठुकराल सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सालों से क्षतिग्रस्त दहला मार्ग सड़क की कांग्रेस विधायक को नहीं कोई सुध

- टूटी बदहाल सड़क पर निकलने को मजबूर हैं क्षेत्र के लोग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता ।** नगर के राजकीय राजमार्ग के मुख्य चौराहे से कई गावों को जोड़ने वाली नगर के दहला मार्ग की सड़क कई वर्षो से टूटी हालत में पड़ी है, जिसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। यहां दहला मार्ग की सड़क इस कदर जर्जर हालत में है की यहा से लोगों का निकलना मुश्किल भरा हो रहा हैं, क्षतिग्रस्त सड़क पर लडखडाते वाहन लोगों के लिए दुर्घटना का शबब बनते जा रहे हैं।

बता दे कि नगर के राजकीय राजमार्ग से जुडा दहला मार्ग आगे जाकर नेशनल हाईवे से जुडा होने के कारण इस मार्ग पर छोटे बड़े वाहनों का आवागमन भारी मात्रा में रहता है। पूर्व में इस क्षतिग्रस्त मार्ग के गड्ढों को लीपापोती कर भरा गया था जो बारिश में आवागमन होने के चलते फिर बदहाल हालत में पहुंच गया है। यहां सड़क पर गहरे गड्ढों को भरने के लिए स्थानीय लोगों द्वारा कई कर स्वयं श्रमदान कर इट पत्थरों से गड्ढों को भर गया है।

बता दे कि ये मार्ग नगर के वार्ड व तपेडा गांव, के साथ ही पिपलिया पिस्तौर, सिद्धा नवदिया, बलखेडा, आमखेडा, नौगजा आदि को जोड़ता है। इसी मार्ग से किसी अपने अपने साधनों से अपनी फसल को बेचने को भी ले जाते हैं, जिन्हें इस टूटी सड़क से परेशानियों का सामना कर गुजरना पड़ता है।

गौरतलब रहे की यहां वर्तमान में कांग्रेस के विधायक गोपाल सिंह राना हैं, जिनके जीतेने के बाद यहां के लोगों को विकास होने की खूब आस थी। लोग अच्छे रास्तों व बेहतर सड़को का सपना भी देख रहे थे लोगों का वह भ्रम भी टूट गया। विधायक बनने के बाद गोपाल सिंह राना ने आज दिन तक इस क्षतिग्रस्त सड़क को आकर ना तो देखा और ना ही इसकी सुध लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को इसके सुधारीकरण कराने को कहा नतीजन सड़क आज भी बदहाल हालत में पड़ी है।

बता दें कि संबंधित विभाग भी इस क्षतिग्रस्त मार्ग की जानकारी होने के बाद भी अपनी आंखें मूंदकर आमजन का उत्पीड़न करने में कोई कसर नहीं छोड रहा है, एसे में संबधित विभाग की अनदेखी सरकार के विकास के दावों पर बट्टा लगा रहे हैं।

# वोट तो मुस्लिम समाज का, लेकिन पद नहीं, गदरपुर में कांग्रेस घिरी सवालों में

- गदरपुर कांग्रेस में पदों पर अल्पसंख्यकों की अनदेखी की संभावना से,मुस्लिम समाज में उठे सवाल
- 80 प्रतिशज समर्थन के बावजूद प्रति. निध्वि नहीं, गदरपुर में कांग्रेस पर भेदभाव के आरोप




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** नगर की राजनीति इन दिनों एक अहम मुद्दे को लेकर गर्माई हुई है। कांग्रेस पार्टी उत्तराखंड की हाल ही में जारी नगर अध्यक्ष पद और कार्यकारिणी की सूची ने एक नई बहस को जन्म दे दिया है। अभी तक गदरपुर के नाम पर किसी भी नगर अध्यक्ष पद पर सहमति नहीं बनी है जान करो का यह भी कहना है कि अपने-अपने समर्थक को नगर अध्यक्ष बनवाने के लिए कुछ कार्यकर्ताओं ने देहरादून से लेकर दिल्ली तक संपर्क साधे हुए है गदरपुर से गई सूची में मुस्लिम समाज के किसी भी प्रतिनिधि का नाम शामिल न होना चर्चा और असंतोष का बड़ा कारण बन गया है।

स्थानीय स्तर पर यह सवाल लगातार उठ रहा है कि जब गदरपुर का मुस्लिम समाज वर्षों से कांग्रेस पार्टी के साथ मजबूती से खड़ा रहा है, तो फिर उसे संगठन में उचित प्रतिनिधित्व क्यों नहीं दिया जा रहा। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि गदरपुर में मुस्लिम वोट बैंक का बड़ा हिस्सा कांग्रेस के पक्ष में जाता रहा है। यहां तक कि कई चुनावों में यह दावा किया जाता है कि करीब 80 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता कांग्रेस के समर्थन में मतदान करते हैं। इसके बावजूद, नगर कार्यकारिणी की सूची में मुस्लिम समाज के किसी भी कार्यकर्ता को स्थान न मिलना पार्टी की कार्यशैली पर सवाल खड़े करता है। स्थानीय मुस्लिम नेताओं और कार्यकर्ताओं में इस निर्णय को लेकर गहरी नाराजगी देखी जा रही है। उनका कहना है कि चुनाव के समय पार्टी उनके पास समर्थन मांगने जरूर आती है, लेकिन संगठन में भागीदारी देने के मामले में उन्हें नजरअंदाज कर दिया जाता है। कई सामाजिक कार्यकर्ताओं का यह भी कहना है कि यह केवल प्रतिनिधित्व का सवाल नहीं, बल्कि सम्मान और विश्वास का भी मुद्दा है। यदि किसी समाज का वोट लगातार किसी पार्टी के साथ जाता है, तो उस समाज को संगठनात्मक ढांचे में उचित स्थान मिलना चाहिए। वरना यह संदेश जाता है कि पार्टी केवल वोट बैंक के रूप में ही उस समाज को देखती है।

इस पूरे मामले ने एक बड़ा राजनीतिक सवाल खड़ा कर दिया हैख्र्क्या इस बार भी मुस्लिम समाज को केवल आश्वासन और वादों तक ही सीमित रखा जाएगा? या फिर कांग्रेस पार्टी अपने फैसले पर पुनर्विचार कर उन्हें संगठन में उचित भागीदारी देगी? आने वाले चुनावों के मद्देनजर यह मुद्दा और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। यदि पार्टी समय रहते इस असंतोष को दूर नहीं करती, तो इसका असर चुनावी परिणामों पर भी पड़ सकता है। फिलहाल गदरपुर की सियासत में यह मुद्दा चर्चा के केंद्र में बना हुआ है और सभी की नजरें कांग्रेस पार्टी के अगले कदम पर टिकी हैं।

## अल्पसंख्यक समाज उपेक्षित, चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी तेज

गदरपुर में अल्पसंख्यक समाज को नगर अध्यक्ष पद न दिए जाने की संभावना से नाराजगी बढ़ती नजर आ रही है। इस मुद्दे को लेकर मुस्लिम समाज के एक वरिष्ठ नेता ने आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू करने के संकेत दिए हैं। उनका कहना है कि समाज की अनदेखी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी और राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। क्षेत्र में इस बयान के बाद सियासी हलचल तेज हो गई है। स्थानीय स्तर पर बैठकों का दौर भी शुरू हो चुका है, जिससे आने वाले चुनाव में समीकरण बदलने की संभावना जताई जा रही है।

कांग्रेस पार्टी अल्पसंख्यकों का बराबर सम्मान करती है गदरपुर नगर अध्यक्ष पद के मामले में पार्टी विचार विमर्श करेगी।

**योगेश चौहान**
**जिला महामंत्री संगठन**

# आग से गेहूं की फसल जलकर राख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** ग्राम सभा भीकमपुरी में अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। आग की चपेट में आकर करीब 30 से 35 एकड़ गेहूं की तैयार फसल जलकर पूरी तरह राख हो गई। इसके साथ ही लगभग 700 पॉपुलर के पेड़ भी जलकर नष्ट हो गए। इस आगजनी की घटना में किसान अमर सिंह, अशोक सिंह, मंगरु सिंह, हरमीत सिंह, संतोष सिंह, अमरीक सिंह, जसवंत सिंह, गोपाल सिंह, लक्ष्मी देवी और मोहन सिंह समेत कई किसानों के खेतों को भारी नुकसान पहुंचा है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद टनकपुर जिला चम्पावत**

पत्रांक 1072 / नामान्तरण सूचना/2025-26 दिनांक- 11-12-25

**नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद टनकपुर के गृहकर अभिलेखों में निम्न विवरण के अनुसार पूर्व में अंकित नाम खारिज कर उनके नाम के सम्मुख अंकित व्यक्तियों के नाम दर्ज किये जाने हेतु निम्नलिखित अभिलेखों के आधार पर नामान्तरण / संशोधन किया जाना प्रस्तावित है।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | भवन संख्या | वर्तमान में जिस व्यक्ति का नाम दर्ज है | जिसके नाम दर्ज किया जाना है | संलग्न दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | श्रीमती विमला अवस्थी पत्नी स्व. महेश चन्द्र | भवन सं. 326 वार्ड नं.-5 | श्री गणेश दत्त तिवारी पुत्र श्री किशनानन्द तिवारी, पुष्पा पत्नी श्री गणेश दत्त तिवारी | विमला देवी अवस्थी पत्नी स्व. महेश चन्द्र | आवेदन मय विक्रय अभिलेख, श्री गणेश दत्त तिवारी का शपथ पत्र, श्रीमती पुष्पा पत्नी श्री गणेश दत्त का मृत्यु प्रमाण पत्र गृहकर रशीद |

उपरोक्त नामान्तरण/संसोधन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो यह सूचना प्रकाशन के एक माह के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्य पालिका कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समय अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा एवं पालिका के गृहकर पंजिका में पूर्व में अंकित व्यक्तियों के नाम खारिज कर वर्तमान में कालम नं. 5 में अंकित व्यक्तियों के नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

# डिग्री संग हुनर भी जरूरी: मंत्री बहुगुणा

**पीजी कॉलेज में 'उत्कर्ष' समारोह, कंप्यूटर लैब का उद्घाटन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को 'उत्कर्ष' वार्षिकोत्सव व छात्र संघ समारोह-2025-26 हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि मौजूदा दौर में केवल डिग्री नहीं, कौशल विकास भी जरूरी है। छात्रों को पढ़ाई के साथ स्किल डेवलपमेंट पर ध्यान देना होगा। उन्होंने अपने सहयोग से बनी कंप्यूटर लैब का उद्घाटन किया। प्राचार्य प्रो. डॉ. रेनू रानी बंसल ने वार्षिक आख्या पढ़ी। डॉ. राजबिंदर कौर की पुस्तक का विमोचन भी हुआ। विशिष्ट अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सुखदेव सिंह, जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, ब्लाक प्रमुख उपकार सिंह बल उदय राणा व सुरेन्द्र सिंह मौजूद रहे।



# आसमान से बरस रही आग, हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन का बढ़ा खतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** तराई क्षेत्र खटीमा, ऊधमसिंह नगर, पीलीभीत में अप्रैल माह में ही भीषण गर्मी ने रिकॉर्ड तोड़ना शुरू कर दिया है। 40°C से 42°C के बीच झुलसाते तापमान और 'लू' के थपेड़ों ने न केवल स्वास्थ्य पर हमला बोला है, बल्कि आर्थिक गतिविधियों की कमर भी तोड़ दी है। 23 अप्रैल तक राहत के कोई आसार नहीं। शुष्क उत्तर-पश्चिमी हवाएं और 10 के उच्च UV इंडेक्स के साथ तपिश और बढ़ेगी।, सुबह 10 बजे के बाद मुख्य बाजारों में कर्फ्यू जैसा माहौल दिख रहा है। ग्राहकों की कमी से व्यापार ठप है और सप्लाई चेन बाधित हो रही है।, गेहूं की फसल समय से पहले पकने से दानों का आकार छोटा रह गया है, जिससे पैदावार में 15% तक की गिरावट की आशंका है। डॉक्टरों ने हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन से बचने के लिए दोपहर में बाहर न निकलने और पर्याप्त पानी पीने की सलाह दी है।

# हाईवे पर खड़ी कार में ट्रक ने मारी टक्कर, युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग-74 काशीपुर रोड स्थित ग्राम जगन्नाथपुर से कुछ दूरी पहले एक दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रक की टक्कर से कार सवार युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार युवक हुंडई कार से देहरादून से हल्द्वानी की ओर जा रहा था। रास्ते में उसकी कार का टायर पंचर हो गया। जिस पर उसने हाईवे किनारे गाड़ी खड़ी कर स्टेपनी निकालकर टायर बदलने का प्रयास शुरू किया। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे एक ट्रक ने खड़ी कार में जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने तुरंत उसे अस्पताल पहुंचाने का प्रयास किया, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। समाचार लिखे जाने तक मृतक का नाम व पता नहीं चल सका।

# डॉ.सिराज अहमद की पुस्तक नगरीय भूगोल का विमोचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ.सिराज अहमद की पुस्तक नगरीय भूगोल का विमोचन प्राचार्य प्रो.एम.सी.पाण्डे ने किया।इस उपलब्धि पर प्राचार्य प्रो. पाण्डे सहित महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों एवं शिक्षणेत्तर कार्मिकों ने डॉ.सिराज को बधाई दी।भूगोल विभाग प्रभारी डॉ.सिराज अहमद ने बताया कि यह पुस्तक डी.एस.बी.परिसर कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के भूगोल के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ.मोहन लाल के संयोजन में पूर्ण की गई है जिसमें नगरीय विकास के विभिन्न आयामों की विस्तार से चर्चा की है। लेखक ने पुस्तक में नगरीय विकास की समस्याओं और चुनौतियों को भी सम्मिलित कर उनके निवारण को भी प्रस्तुत किया है।

## एक नजर...

# एनसीसी कार्यशाला आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** 2 UK (I) कंपनी, चम्पावत के निर्देशानुसार पीएम श्री ठाकुर श्याम सिंह रावत जगत सिंह रावत राधे हरि राजकीय इंटर कॉलेज, टनकपुर में विश्व रचनात्मक एवं नवप्रवर्तन दिवस के अवसर पर "संस्कार और सामर्थ्य: इनोवेशन विचार" विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।



कार्यशाला में विद्यालय के प्रधानाचार्य हरीश चंद्र पाठक ने एनसीसी कैडेट्स को प्रेरणादायक विचारों से अवगत कराते हुए उन्हें नवाचार और रचनात्मक सोच विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बदलते समय में नई सोच और इनोवेशन ही सफलता की कुंजी है। इस दौरान कैप्टन एलडी तिवारी एवं फर्स्ट ऑफिसर एसएस राणा ने कैडेट्स को एनसीसी के विभिन्न विषयों का गहन अध्ययन करने और हर पहलू को समझने पर जोर दिया। उन्होंने अनुशासन, ज्ञान और निरंतर अभ्यास को सफलता का आधार बताया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदानंद भट्ट ने कैडेट्स को संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मजबूत चरित्र और नैतिक मूल्यों के बिना कोई भी उपलब्धि अधूरी है।

कार्यक्रम के अंत में कैप्टन एलडी तिवारी ने सभी उपस्थित अतिथियों एवं एनसीसी कैडेट्स का आभार व्यक्त किया। कार्यशाला में कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर नवाचार और संस्कारों के महत्व को समझा।

# सड़क दुर्घटना पीड़ित परिवार को मिली दो लाख की सहायता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** जनपद चम्पावत में सड़क दुर्घटना से प्रभावित परिवार को प्रशासन ने त्वरित सहायता प्रदान करते हुए संवेदनशीलता का परिचय दिया है। 8 अप्रैल 2026 को दिगालीचौड़ गणेश मंदिर (झडपतिया) के समीप कोर्ट बसान मार्ग पर हुई दर्दनाक सड़क दुर्घटना में शिवराम पुत्र कल्याण राम गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिनका उपचार के दौरान निधन हो गया था।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार जिलाधिकारी मनीष कुमार एवं जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद अधिकारी ने दिवंगत की पत्नी माया देवी को उत्तराखंड सड़क परिवहन दुर्घटना राहत नियमावली के अंतर्गत दो लाख की आर्थिक सहायता का चेक सौंपा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी लोहाघाट को निर्देशित किया कि स्वर्गीय शिवराम का उत्तरजीवी प्रमाण पत्र तत्काल जारी किया जाए, ताकि परिवार को अन्य सरकारी योजनाओं और औपचारिकताओं में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। प्रशासन ने मानवीय पहल करते हुए दिवंगत की पुत्री की शिक्षा को भी प्राथमिकता दी। जिलाधिकारी ने परिवार को प्रेरित किया कि कक्षा 9 से बाधित हुई पढ़ाई को पुन: शुरू कराया जाए, और आश्वासन दिया कि प्रशासन हर संभव सहायता प्रदान करेगा। यह पहल न केवल पीड़ित परिवार के लिए राहत का कार्य है, बल्कि प्रशासन की संवे. दनशीलता और त्वरित कार्रवाई का भी उदाहरण प्रस्तुत करती है।

# टनकपुर पावर स्टेशन बनबसा में नि:शुल्क ओपीडी शिविर 24 अप्रैल को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर (चंपावत)।** टनकपुर पावर स्टेशन बनबसा द्वारा क्षेत्रवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य पहल करते हुए 24 अप्रैल 2026, शुक्रवार को नि:शुल्क मासिक ओपीडी शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर टनकपुर पावर स्टेशन अस्पताल परिसर में प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा।

शिविर का आयोजन मैक्स अस्पताल, नई दिल्ली के सहयोग से किया जा रहा है, जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा न्यूरो एवं हड्डी रोग से संबंधित परामर्श और जांच की सुविधा नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। इस दौरान न्यूरो रोग विशेषज्ञ डॉ. केशव मिश्रा तथा हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरभित रस्तोगी मरीजों का परीक्षण कर उचित सलाह देंगे।कार्यक्रम का उद्घाटन प्रात: 10 बजे टनकपुर पावर स्टेशन के परियोजना प्रमुख ऋषि रंजन आर्य द्वारा किया जाएगा। आयोजकों ने क्षेत्र के सभी लोगों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने स्वास्थ्य की जांच कराएं।

# मजबूरी का फायदा उठाकर शोषण करने वाला दुकानदार पकड़ा

**वीडियो बनाकर देता था धमकी, गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर (चंपावत)।** महिला अपराधों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए पुलिस ने एक गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक चंपावत के निर्देशों के अनुपालन में की गई, जिसमें सभी थाना प्रभारियों को महिला संबंधी अपराधों पर तत्काल वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।



जानकारी के अनुसार सोमवार को पीड़िता द्वारा कोतवाली टनकपुर में एक लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया। शिकायत में बताया गया कि बस स्टैंड फाटक के पास जूते-चप्पल की दुकान चलाने वाला एक व्यक्ति, अपनी एक महिला सहयोगी के साथ मिलकर दुकान में काम कराने के बहाने महिलाओं को रोजगार देता था। आरोप है कि काम का भुगतान मांगने पर उक्त व्यक्ति ने पीड़िताओं की आर्थिक मजबूरी का फायदा उठाते हुए उन्हें डराया-धमकाया और जबरन शारीरिक संबंध बनाए। साथ ही, आरोपी द्वारा इस कृत्य का वीडियो बनाकर पीड़िताओं को ब्लैकमेल किया गया तथा उनके परिवार को वीडियो भेजकर बदनाम करने की धमकी दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली टनकपुर पुलिस ने तत्काल भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 64 एवं 351(3) के तहत अभियोग पंजीकृत किया। मामले की विवेचना महिला उपनिरीक्षक गुरविंदर को सौंपी गई। पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान 50 वर्षीय समसुल हसन उर्फ शहंशाह पुत्र अब्दुल हक, निवासी वार्ड नंबर 2, मस्जिद कॉलोनी, टनकपुर, जनपद चंपावत के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी को नियमानुसार न्यायिक रिमांड हेतु न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है तथा मामले में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई जारी है।

# तीन पानी डैम के पुनर्निर्माण के लिए महापौर ने अधिकारियों के साथ किया सर्वे

**1.74 करोड़ की लागत से जल्द शुरू होगा निर्माण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** वार्ड नंबर एक की वर्षों पुरानी जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए महापौर विकास शर्मा ने मंगलवार को वार्ड नंबर एक स्थित 'तीन पानी डैम' के पुनर्निर्माण हेतु सिंचाई विभाग और नगर निगम की संयुक्त टीम के साथ स्थलीय निरीक्षण और विस्तृत सर्वे किया। इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।



गौरतलब है कि तीन पानी डैम बीते कई वर्षों से अत्यंत जर्जर अवस्था में था। इसकी जल निकासी क्षमता पूरी लगभग समाप्त हो चुकी थी, जिसका खामियाजा क्षेत्र की एक विशाल आबादी को भुगतना पड़ता था। मानसून के दौरान ड्रेनेज सिस्टम ठप होने से फुलसुंगा, फुलसुंगी और आसपास की दर्जनों कॉलोनियां जलमग्न हो जाती थीं। सड़कें तालाब का रूप ले लेती थीं और लोगों का घरों से निकलना दूभर हो जाता था।

इस समस्या को महापौर विकास शर्मा ने बेहद गंभीरता से लिया और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के समक्ष व्यक्तिगत रूप से पैरवी की। मुख्यमंत्री के विशेष हस्तक्षेप के बाद शासन ने डैम के कायाकल्प के लिए 1 करोड़ 74 लाख 81 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की, जो अब सिंचाई विभाग को हस्तांतरित की जा चुकी है।

सर्वे के दौरान महापौर ने सिंचाई विभाग के इंजीनियरों के साथ डैम के तकनीकी पहलुओं, मजबूती और भविष्य की जरूरतों पर गहन मंथन किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य न केवल गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए, बल्कि इसे जनभावनाओं के अनुरूप बनाया जाए ताकि आगामी कई दशकों तक क्षेत्रवासियों को ड्रेनेज की समस्या न देखनी पड़े।

सर्वे और निरीक्षण के दौरान महापौर के साथ सिंचाई विभाग के एसडीओ बीएस डांगी, जेई हरपाल, पंचदेवी, पार्षद पवन राणा, शुभम ठाकुर, दलीप अधिकारी, अनुज पाठक, ब्रजेश गुप्ता, अनुराग बोस सहित नगर निगम और सिंचाई विभाग के कई कर्मचारी व क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** राजकीय इंटर कॉलेज टनकपुर सैलानीगोठ में मंगलवार को शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत आयोजित छात्र अभिरुचि परीक्षण परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुल 23 चयनित छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।



परीक्षा में कुमारी निसरत जहां एवं साकिब खान ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इनके अलावा अन्य 21 छात्र-छात्राओं को भी उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य राजाराम पौरी ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की परीक्षाएं छात्रों की रुचियों को पहचानने और उन्हें सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी रमेश भट्ट, शिक्षक हरीश जोशी, गुणानंद पंत, कमलेश भट्ट, राजकुमार, दीपा अधिकारी, कल्याण सिंह सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का माहौल उत्साह और गर्व से भरा रहा।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का धरना जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट/चंपावत।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर चल रहा धरना-प्रदर्शन 18वें दिन भी जारी रहा। लंबे समय से जारी इस आंदोलन के चलते नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों की पढ़ाई-लिखाई पूरी तरह प्रभावित हो गई है, वहीं बीएलओ का कार्य भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

चंपावत जिले के लोहाघाट, पाटी और बाराकोट ब्लॉक मुख्यालयों में कार्यकर्तियां लगातार धरना दे रही हैं। लोहाघाट में आंदोलन का नेतृत्व विनीता पंत, पाटी में बबीता जोशी, बाराकोट में दमयंती वर्मा और चंपावत में दीपा पांडे कर रही हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ती संगठन की जिलाध्यक्ष मीना बोहरा अपनी मांगों को लेकर सोमवार को देहरादून रवाना हो गई हैं, जहां प्रदेश अध्यक्ष रेखा देवी के नेतृत्व में बाल विकास मंत्री और सचिव से वार्ता की जाएगी। यहां समीना बानो, कविता जोशी, विमला देवी, लक्ष्मी माया सहित कई कार्यकत्रियां शामिल थीं।

# बुनियादी सुविधाओं की मांग और संगठन मजबूती पर जोर देगी आप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** आम आदमी पार्टी (आप) ने आगामी चुनावों के मद्देनजर अपनी सांगठनिक रणनीति को धार देना शुरू कर दिया है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने स्पष्ट किया है कि आने वाले दिनों में संगठन की मजबूती का मुख्य आधार जनता की बुनियादी सुविधाओं की मांग को बनाया जाएगा। मंगलवार को खटीमा के एक निजी होटल में आयोजित बैठक और प्रेस वार्ता के दौरान पार्टी के दिग्गज नेता एवं उत्तराखंड प्रभारी महेंद्र यादव का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए यादव ने कहा कि बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे जमीनी मुद्दों पर जनता को एकजुट करना ही संगठन के विस्तार का सबसे प्रभावी तरीका है। प्रभारी महेंद्र यादव ने कार्यकर्ताओं को कड़े निर्देश दिए कि वे केवल राजनीतिक नारेबाजी तक सीमित न रहें, बल्कि जनता के बीच जाकर उनकी वास्तविक समस्याओं को उठाएं। उन्होंने कहा कार्यकर्ता अब घर-घर जाकर गली-मोहल्लों की समस्याओं की सूची तैयार करेंगे और स्थानीय स्तर पर छोटी सभाएं आयोजित कर लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करेंगे। इस अवसर पर जसपाल सिंह जिला प्रभारी, एडवोकेट दयानंद काला. नी, हेमराज पांडेय, राजू समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



**सरकार को जनसमस्याओं पर घेरेगी 'आप': महेंद्र यादव**

# जेठ पर महिला ने लगाए छेड़छाड़ और मारपीट के गंभीर आरोप, कोतवाली में दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता ने अपने जेठ पर गलत नजर रखने, छेड़छाड़, मारपीट और धमकी देने के गंभीर आरोप लगाते हुए कोतवाली बाजपुर में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

पीड़िता तरन्नुम पत्नी नाजिम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका निकाह लगभग 10 माह पूर्व मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार ग्राम गांव बाजपुर निवासी नाजिम पुत्र शौकत के साथ हुआ था। विवाह के बाद से वह अपने पति के संयुक्त परिवार में रह रही है। महिला का आरोप है कि उसका जेठ आसिम पुत्र शौकत काफी समय से उस पर गलत नजर रखता था और कई बार गलत हरकत करने की कोशिश भी कर चुका था। महिला ने बताया कि जब उसने अपने पति को इस बारे में जानकारी दी तो पति आग बबूला हो गया और उसके साथ गाली-गलौज करते हुए कहा कि यदि उसने यह बात किसी और को बताई तो उसे जान से मार दिया जाएगा। इसके बाद जेठ आसिम और अधिक दबाव बनाने लगा। पीड़िता के अनुसार 19 अप्रैल 2026 की रात लगभग 11 बजे, जब उसका पति कमरे की छत पर सो रहा था और वह अपने कमरे में अकेली थी, तभी उसका जेठ हाथ में चाकू लेकर कमरे में घुस आया। विरोध करने पर उसने मारपीट की और चाकू के बल पर जबरन गलत हरकत करते हुए मोबाइल से वीडियो भी बना ली। महिला ने आरोप लगाया कि आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी भी दी। डर और दबाव के कारण पीड़िता घर से बाहर नहीं निकल पा रही थी। बाद में उसने हिम्मत जुटाकर अपने भाई तफसील अहमद को फोन पर पूरी घटना बताई। इसके बाद भाई ने 21 अप्रैल 2026 को 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। पीड़िता ने कोतवाली पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कर उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# किसानों की समस्याओं को लेकर कलक्ट्रेट में गरजे कांग्रेसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** किसानों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं और सरकार की बेरुखी के खिलाफ मंगलवार को किसान कांग्रेस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में हुंकार भरी। किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हरजिंदर सिंह लाडी और पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के नेतृत्व में भारी संख्या में जुटे कांग्रेसियों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित सात सूत्रीय मांग पत्र अपर जिलाधिकारी को सौंपा।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हरेंद्र सिंह लाडी ने सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार पूरी तरह से गूंगी-बेहरी हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों की जायज मांगों और उनकी समस्याओं की निरंतर अनदेखी की जा रही है, जिसके कारण आज प्रदेश का किसान गहरे आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है। लाडी ने कटाक्ष करते हुए कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने का भाजपा का चुनावी दावा पूरी तरह हवा-हवाई साबित हुआ है। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने भी सरकार की नीतियों को किसान विरोधी बताते हुए कहा कि बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की कमर टूट चुकी है, लेकिन सरकार मुआवजा देने के बजाय केवल कागजी खानापूर्ति में व्यस्त है। ठुकराल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और उनके हक की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ी जाएगी। ज्ञापन सौंपने वालों में पुष्कर राज जैन, कावल सिंह, अशोक राय, त्रिनाथ विश्वास, संदीप चीमा, सुनील चुग, सुखदेव हालदार, निशांत शाही, राजवीर सिंह, लखबीर सिंह, पाला सिंह, कुलदीप सिंह, जगदीप सिंह, अर्जुन विश्वास, अशोक यादव, रमन विश्वास, प्रेम सिंह, केशव कोली, शिवकुमार शिबू, प्रवेश शेख, अनवर अली, संजीव कुंबा और संजीव कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्पोर्ट्स कॉलेजों में कक्षा छह प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** उत्तराखंड के प्रतिष्ठित स्पोर्ट्स कॉलेजों में आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए कक्षा 6 में प्रवेश प्रक्रिया आधिकारिक रूप से शुरू हो गई है। यह पहल प्रदेश की उभरती खेल प्रतिभाओं को शुरुआती स्तर से ही पेशेवर प्रशिक्षण प्रदान करने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है, जिससे भविष्य के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी तैयार किए जा सकें।

जिला क्रीड़ा अधिकारी चंदन सिंह बिष्ट ने बताया कि जनपद चंपावत की बालिकाओं के लिए बालिका स्पोर्ट्स कॉलेज, चंपावत में एथलेटिक्स, बैडमिंटन और बॉक्सिंग जैसी खेल विधाओं में उच्च स्तरीय प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध है। वहीं जनपद के इच्छुक बालक और बालिकाएं राज्य के अन्य प्रमुख संस्थानों, महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, देहरादून और श्री हरि सिंह थापा स्पोर्ट्स कॉलेज, पिथौरागढ़ख्रमें भी अपनी रुचि के अनुसार प्रवेश ले सकते हैं, जहां एथलेटिक्स, फुटबॉल, क्रिकेट, हॉकी, वॉलीबॉल और बॉक्सिंग सहित विभिन्न खेलों का अंत. रराष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण दिया जाता है। निर्धारित मानकों के अनुसार अभ्यर्थी की आयु 11 से 13 वर्ष के बीच होनी चाहिए (01 जुलाई 2013 से 01 जुलाई 2015 के बीच जन्म) तथा उत्तराखंड का मूल या स्थायी निवासी होना आवश्यक है। चयन प्रक्रिया में शारीरिक दक्षता, खेल कौशल और प्रतिभा का परीक्षण किया जाएगा, जिसके आधार पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन होगा। आवेदन की अंतिम तिथि 10 मई 2026 निर्धारित की गई है।

# जल भराव, बाढ़ की स्थिति से निपटने को तैयारी करें पूरी: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कैम्प कार्यालय में बैठक लेते हुए कहा कि मानसून काल में जल भराव, बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए तैयारियां अभी से कर ली जाए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि सभी संबंधित अधिकारी सभी आवश्यक तैयारियों का जमीनी स्तर पर निरीक्षण कर लें तथा ऐसे क्षेत्र जहां पर पिछले वर्षो में जलभराव एवं बाढ का अधिक प्रभाव रहा है वहां पर सुरक्षात्मक कार्यो पर अधिक ध्यान दिया जाए।

डीएम ने कहा कि सभी उप जिलाधिकारी अपने क्षेत्रों में सिंचाई, लोनिवि, निकाय अधिकारियो से समन्वय बनाकर कार्ययोजना बनाते हुए नदी-नाले, नहर व शहरी क्षेत्र में नालों-नालियों की सफाई कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी नगर निकाय अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रथम चरण में सभी नाली व नालों को 30 अप्रैल तक सफाई कराना सुनिश्चित करें तथा जीओ टैग के साथ फोटोग्राफ भी प्रेषित करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि दूसरे चरण में वर्षाकाल से पूर्व सभी नहर, नाली व नालों की दोबारा सफाई कराना भी सुनिश्चत करेंगे। सिंचाई विभाग को नदी, जलाशयों में जहां अधिक सिल्ट जमा हो गई है, शीघ्र सर्वे कर ड्रेजिंग हेतु प्रस्ताव बनाकर 25 अप्रैल तक प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी निकाय अधिकारियों को अपने-अपने निकायो के नदी, नालो व नालियों का जीआईएस मैप बनाने के निर्देश दिये साथ ही उन्होने सिंचाई विभाग को पूरे जनपद के नदी, नालो, जलाशयो का जीआईएस बेस मैप तैयार करते हुए सम्भावित जल भराव व बाढ़ क्षेत्रों के समाधान हेतु लघु व दीर्घकालिन कार्ययोजना बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, उप जिलाधिकारी/ओसी आपदा प्रबंधन गौरव पाण्डेय, अधिशासी अभियंता सिंचाई बीएस डांगी, आनंद सिंह नेगी, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी मौजूद थे व सभी उप जिलाधिकारी व अधिशासी अधिकारी नगर निकाय वर्चुअल माध्यम से जूड़े थे।

# जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास परिषद की त्रैमासिक बैठक आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी एवं अध्यक्ष जिला सैनिक कल्याण परिषद आशीष कुमार भटगांई की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास परिषद की त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व सैनिकों, सैनिक विधवाओं एवं उनके आश्रितों से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पूर्व सैनिकों के लिए सैनिक विश्राम गृह, सैनिक मिलन केंद्र, स्टेशन कैंटीन विस्तार, शहीद द्वार एवं स्मारकों के निर्माण, सरकारी संस्थानों के नामकरण, दिव्यांग आश्रितों को अनुदान, सैनिक कल्याण कार्यालयों की व्यवस्थाओं तथा लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में अवगत कराया गया कि जनपद में सैनिक कल्याण परिसर में पूर्व सैनिक अधिकारियों के लिए दो पारिवारिक कक्ष एवं एक डॉरमेट्री संचालित है, जिसका लाभ दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को मिल रहा है। साथ ही यह भी बताया गया कि जनपद में विभिन्न सभागार एवं स्थल उपलब्ध हैं, जिनका उपयोग पूर्व सैनिक संगठन आवश्यकता अनुसार कर सकते हैं। बैठक में विशेष रूप से कनालीछीना क्षेत्र के पूर्व सैनिकों को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय पिथौरागढ़ में सम्मिलित किए जाने के संबंध में प्राप्त अनुरोध पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सभी पक्षों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल करम सिंह बिष्ट, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी डीडीहाट, सेना, पूर्व सैनिक व विभागीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# ओबीसी आयोग सदस्य अंसारी पहुंचे बाजपुर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** मंगलवार को विकास खण्ड बाजपुर में उत्तराखण्ड सरकार के ओबीसी आयोग के सदस्य डॉ. जैनुल आबिदिन अंसारी (वार्सी) ने अपने सहयोगियों के साथ भ्रमण कार्यक्रम किया। इस दौरान उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर योजनाओं की समीक्षा की।

बैठक की शुरुआत खण्ड विकास अधिकारी शेखर जोशी ने करते हुए उपस्थित अधिकारियों के साथ सदस्य का स्वागत किया और उनका परिचय कराया। उन्होंने विकास खण्ड स्तर पर संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी। डॉ. अंसारी ने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के पात्र लाभार्थियों को अब तक दिए गए लाभों की जानकारी ली। साथ ही भविष्य में इस वर्ग के लाभार्थियों को किस प्रकार योजनाओं से जोड़ा जाएगा, इस पर भी चर्चा की।

